# सहजसत्ता

सत्य की सत्ता को समर्पित

वर्ष-18 अंक-216
पृष्ठ-8
प्रयागराज
बुधवार, 21 जनवरी, 2026
मूल्य 1.00 रुपये मात्र






अंदर के पृष्ठों पर
4 : हेमू कालाणी : आजादी के संघर्ष का ...
8 : कमलिनी की चोट से वैष्णवी शर्मा की ...


# नितिन नवीन ने संभाली भाजपा की कमान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी को नया नेतृत्व मिल गया है और इसके साथ ही संगठन की राजनीति में एक नई ऊर्जा देखने को मिली। पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने पहले संबोधन में साफ कर दिया कि भाजपा की ताकत उसका कार्यकर्ता है और आगे की राजनीति भी इसी आधार पर चलेगी। नितिन नवीन ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय के उद्घोष के साथ की। मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ-साथ भाजपा के सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। नितिन नवीन ने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपना भाजपा की कार्यकर्ता-आधारित राजनीति का प्रमाण है। कार्यकर्ता आधारित राजनीति भाजपा की सोच है। भाजपा की सोच सर्वव्यापी और सर्वग्राही है।नितिन नवीन ने अपने संबोधन में कहा कि हमने कार्यकर्ता के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशसेवा के काम करते हुए देखा।उन्होंने कहा कि आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है, वही बड़ा शख्स बनता है।उन्होंने पीएम मोदी के साथ एक कार्यक्रम में बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे याद है कि जब मैंने पहली बार गुजरात के आनंद में आपके साथ एक कार्यक्रम में भाग लिया था। उस वक्त मैं राष्ट्रीय महासचिव था और मैंने सद्भावना मिशन कार्यक्रम के दौरान आपको प्रत्येक व्यक्ति की बात ध्यान से सुनते हुए देखा था।'कार्यक्रम खत्म होने के बाद, जब आपने अपने ग्रीन रूम में हमसे बात की तो आपने बड़ी भावुकता से समझाया कि गुजरात से इतने सारे लोग क्यों आए थे। उस दिन मुझे समझ आया कि एक व्यक्ति तभी महान बनता है, जब वह जनता की भावनाओं से जुड़ता है।'उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र प्रथम के नारे से आगे चलते हैं। भाजपा में राजनीति पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। भाजपा अगर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो प्रेरणादायी नेतृत्व, विचारधारा और कार्यकर्ता हैं। पीएम मोदी ने नितिन नवीन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नितिन नवीन को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देता हूं।



## हमारे यहां अध्यक्ष बदलते हैं आदर्श नहीं : पीएम मोदी

नई दिल्ली (एजेन्सी)। नितिन नवीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इसका एलान किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाकर अभिवादन और स्वागत किया। पीएम मोदी ने नितिन नवीन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नितिन नवीन को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देता हूं।



## इंजीनियर युवराज की मौत मामला

### जांच में जुटी एसआईटी, पुलिस ने बिल्डर को किया गिरफ्तार

नोएडा (एजेन्सी)।मॉल के बेसमेंट के लिए नोएडा में खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबकर युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत पर बढ़ते आक्रोश के बीच राज्य सरकार ने नोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम को हटा दिया। इस घटना की निष्पक्ष और गहन जांच के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी ने अपना काम शुरू कर दिया है और नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर जांच में जुट गई है। करीब 2 घंटे नोएडा प्राधिकरण दफ्तर में रहने



के बाद, एसआईटी घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसआईटी से पांच दिन में जांच रिपोर्ट तलब की गई है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, मामले में नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने एमजेड विजटाउन के मालिक बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है।एसआईटी का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी टीम में शामिल किया गया है।

# गरीबों को भूखा रखना चाहते हैं पीएम मोदी : राहुल गांधी

नई दिल्ली (एजेन्सी)।मनरेगा को खत्म करके सरकार वीबी-जी-राम-जी नाम से एक नया कानून लेकर आई है। इसे लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गाधी ने मोदी सरकार पर गरीबों के बजाय नौकरशाहों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। मनरेगा के विरोध में कांग्रेस देश भर में मनरेगा बचाओ अभियान चला रही है। मनरेगा पर मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सत्ता को केंद्रीकृत करने, इसे नौकरशाही को सौंपने और गरीब नागरिकों को भूखा मरने के लिए छोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा मनरेगा का मकसद बेरोजगार ग्रामीणों को पैसे कमाने का जरिया देना था। लेकिन प्रधानमंत्री ऐसा नहीं चाहते, वे सत्ता को केंद्रीकृत करना चाहते हैं और इसे नौकरशाही को सौंपना चाहते हैं। वह गरीबों को भूखा मरेने के लिए छोड़ना चाहते हैं। एक्ट में सुधार के नाम पर गरीबों का सुरक्षा कवच हटाया गया है। उन्होंने एक्ट से महात्मा गांधी के नाम को हटाने की भी निंदा की। कांग्रेस सांसद अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर हैं।




# 77वें गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे 10,000 मेहमान




नई दिल्ली (एजेन्सी)।इस साल 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित अतिथियों में आय और रोजगार सृजन में अनुकरणीय कार्य करने वाले, सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और प्रमुख सरकारी पहलों के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल हैं।रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करने और राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें आमंत्रित किया गया है। इन विशेष अतिथियों को कर्तव्य पथ पर प्रमुख स्थान पर बैठाया जाएगा। समारोहों के अतिरिक्त, विशेष अतिथियों के लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थानों के भ्रमण की व्यवस्था की गई है। उन्हें संबंधित मंत्रियों से बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा।इस बीच, 77वें गणतंत्र दिवस समारोह से पहले, खुफिया एजेंसियों से प्राप्त कई आतंकी खतरों की सूचनाओं के मद्देनजर, दिल्ली पुलिस ने कर्तव्य पथ और पूरे नई दिल्ली जिले में एक व्यापक, प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा तंत्र स्थापित किया है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बैठने की जगहों का नाम भारतीय नदियों के नाम पर रखा गया है।

## सरकार बोली- मकसद जन भागीदारी बढ़ाना

# युवा होंगे विकसित भारत के एक्टर-डायरेक्टर : नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली (एजेन्सी)।विकसित भारत बनाने में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि युवा ही इसके एक्टर, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर होंगे और कई बार वे ही दर्शक भी होंगे। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट को संबोधित करते हुए एडमिरल त्रिपाठी ने कड़ी मेहनत और लगन पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर का उदाहरण दिया। साथ ही नैतिक साहस के मूल्य को समझाने के लिए 1971 के युद्ध में सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की बहादुरी और बलिदान को याद किया। उन्होंने युवाओं से आत्म अनुशासन और टीमवर्क को अपनाने की अपील की तथा जोर देकर कहा कि सिर्फ व्यक्तिगत काबिलियत से कोई संगठन या देश आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि अगर आप इस टीम भावना और युवा ऊर्जा को एकता तथा मकसद के साथ इस्तेमाल कर पाते हैं तो यह 2047 तक विकसित भारत बनने की कोशिश में एक प्रेरक शक्ति बन जाएगी।उन्होंने कहा कि देश की आबादी में करीब 65 फीसदी युवा हैं और इसलिए उन्हें 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस समय तक उनमें से ज्यादातर लोग 30 के दशक के आखिर या 40 की शुरुआत में होंगे। तो अगर मैं विकसित भारत बनने की इस प्रक्रिया को किसी फिल्म बनने जैसा देखूं तो इस सफर में आप इसके एक्टर, एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर होंगे और कई बार इसके दर्शक भी होंगे।उन्होंने कहा कि भारतीय आबादी में 65 प्रतिशत युवा हैं। मैं आप पर नतीजे देने का दबाव नहीं डाल रहा हूं लेकिन आपको काम करना होगा क्योंकि आप आबादी का ज्यादातर हिस्सा हैं। आपको निजी फायदों से ऊपर उठना होगा और यह सोच कि इसमें मेरा क्या फायदा है? इसे अपनी सोच से निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप जिस संगठन के लिए काम कर रहे हैं या देश आगे बढ़ता है तो इससे आपको भी नाम मिलेगा।एडमिरल त्रिपाठी ने युवाओं को सोशल मीडिया के प्रलोभन से बचने की हिदायत दी।




# पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा देंगे नितिन नबीन : सीएम योगी

लखनऊ (एजेन्सी)।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की और उन्हें बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट किया और अपने सोशल मीडिया एकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट करके भी उन्हें पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'आपके कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शिता से पार्टी को नई ऊर्जा-दिशा मिलेगी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती प्राप्त होगी।' सीएम ने आशा जताई कि उत्तर प्रदेश को भी आपका निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में आप अंत्योदय के पथ पर चलते हुए अपनी निष्ठा व समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे एवं सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में 'राष्ट्र प्रथम' के भाव को और सुदृढ़ करेंगे। आपके उज्ज्वल कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं।



# सरकार निजी मदरसों के खिलाफ नहीं : मायावती

लखनऊ (एजेन्सी)।श्रावस्ती में प्रशासन की ओर से मदरसे को सील किए जाने के मामले में आए हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के फैसले का बसपा प्रमुख मायावती ने स्वागत किया। साथ ही सरकार का पक्ष रखते हुए जिले के अफसरों पर निशाना साधा। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट भी डाली। जिसमें मायावती ने लिखा, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ द्वारा 'सरकारी मान्यता नहीं होना मदरसा को बंद करने का आधार नहीं' सम्बंधी दिया गया फैसला अति-महत्वपूर्ण व सामयिक है तथा इस आधार पर श्रावस्ती में मदरसे पर लगी सील 24 घंटे में हटाने के निर्देश का भी स्वागत योग्य है। पूर्व मुख?यमंत्री मायावती ने कहा कि वैसे भी संभवतः यहाँ कोई भी सरकार नीतिगत तौर पर प्राइवेट मदरसों के विरुद्ध नहीं है, बल्कि ज़िला स्तर पर अधिकारियों की मनमानी का ही शायद यह परिणाम है कि इस प्रकार की अप्रिय घटनाओं की खबरें आती रहती हैं, जिस पर सरकार को उचित संज्ञान लेना चाहिये।




# 37 सपा सांसद 2027 में जीत दिलाएंगे : अखिलेश

लखनऊ (एजेन्सी)।लखनऊ में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा के सभी सांसदों की मीटिंग बुलाई। अखिलेश अपने सांसदों से आगामी चुनावी रणनीति और संगठन मजबूत करने की चर्चा की। हर संसदीय क्षेत्र की विधानसभा सीटों की स्थिति पर चर्चा हुई। इस दौरान अखिलेश यादव ने अपने सांसदों में कहा कि यह 37 सांसद 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत दिलाएंगे।समाजवादी पार्टी के सांसद ज़िया उर रहमान बर्क ने कहा, 'हमने अहम बैठक की है ताकि हम मजबूती के साथ चुनाव लड़ें और अपनी सरकार बनाए। हमारी पार्टी मजबूत है और एक है। समाजवादी पार्टी के सांसद ज़िया उर रहमान बर्क ने कहा, 'हमने अहम बैठक की है ताकि हम मजबूती के साथ चुनाव लड़ें और अपनी सरकार बनाए। हमारी पार्टी मजबूत है और एक है। जनता के भरोसे और उनकी मदद से सभी सांसद मिलकर प्रयास करेंगे कि हम अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाए।'सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने और एसआईआर संबंधी कामों पर निगरानी के लिए पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के पुत्र पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी को लगाकर भविष्य की अपनी रणनीति का संकेत दे दिया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कैंट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं।सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से इस संबंध में महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी को पत्र भेजा गया है। पत्र मिलने की पुष्टि करते हुए सिद्दीकी ने अमर उजाला को बताया कि कैंट में हम पूरी दमदारी से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।सपा नेतृत्व के इस पत्र में कहा गया है कि अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी व पूर्व मंत्री तेज नारायण उर्फ पवन पांडेय को लखनऊ महानगर की कैंट विधानसभा क्षेत्र में लगाया गया है। इन्हें संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने के साथ एसआईआर के तहत फार्म नंबर 6, 7 व 8 का काम पूर्ण कराने और आपत्तियों के निस्तारण के लिए प्रभारी भी बनाया गया है।लखनऊ की कैंट विधानसभा सीट ब्राह्मण बहुल मानी जाती है। इस विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर वर्ष 2022 में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक चुनाव जीते थे। पाठक और विनय शंकर तिवारी कभी बसपा में साथ-साथ थे। सपा द्वारा विनय शंकर तिवारी को कैंट विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद इसे आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।



# डीएम ने एक करोड़ से अधिक परियोजना की समीक्षा की

**सहजसत्ता ब्यूरो**

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं, क्रिटिकल गैप्स के निर्माणाधीन परियोजनाओं, पूर्वांचल विकास निधि जिलांश की समीक्षा बैठक सम्बन्धित अधिकारियों व कार्यदायी के साथ उ0प्र0 राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के0जी0बी0वी0 लालगंज बालिका छात्रावास निर्माण के बारे में बताया कि जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण के उपरान्त माह जुलाई 2025 में भूमि उपलब्ध हो पाई जिसके उपरान्त निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर 11.08.2025 को कार्य प्रारम्भ कराया गया कार्य पूर्ण की तिथि 10.08.2026 को बढ़ाने हेतु शासन को अनुरोध पत्र दिनांक 04 दिसम्बर 2025 को प्रेषित किया गया। जिस पर समय बढ़वाने के साथ ही निर्माणाधीन कार्यो की गुणवत्ता पर निर्देशित किया। कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा विधानसभा मझवां ग्राम पंचायत दांती विकास खण्ड पहाड़ी तहसील सदर में ग्रामीण मिनी स्टेडियम निर्माण की प्रगति के बारे में बताया गया कि मल्टीपर्पज हाल, प्रशासनिक भवन स्लैब लेबल तक कालम कास्टिंग तक कार्य पूर्ण करा लिया गया है, चिनाई का कार्य प्रगति पर है, बाउंड्रीवाल, बोरिंग पम्प, प पम्प रूम, स्लैब चिनाई तक का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मीरजापुर संस्थान में कार्यशाला एवं आई0टी0 लैब बिल्डिंग निर्माण की प्रगति के बारे में बताया गया कि कार्य पूर्ण कराया लिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया तकनीकी समिति से जांच कराते हुए हैण्डओवर की कार्यपूर्ण किया जाए जाते। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड सेतु निर्माण इकाई के द्वारा आम घाट पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के बारे में बताया गया कि कार्य पूर्ण करा लिया गया है। गंगा नदी पर रामपुर घाट पर दीर्घ सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति के बारे में सेतु का निर्माण ई0पी0सी0 मोड पर किया जा रहा है समय रहते पूर्ण करा लिया जाएगा। उ0प्र0 विन्ध्यधाम तीर्थ विकास परिषद शासकीय कार्यालय भवन निर्माण कार्य प्रगति के बारे में बताया गया कि बाउंड्रीवाल के सुपर स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण, प्लास्टर का कार्य प्रगति पर, विन्ध्य विकास कार्यालय भवन के सुपर स्ट्रक्चर के बारे में बताया कि कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था जल निगम ग्रामीण के द्वारा बताया गया कि 05 परियोजनाओं में कार्य प्रगति है समय रहते पूर्ण करा लिया जाएगा। कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम नगरीय के 03 परियोजनाओं में कार्य प्रगति पर है समय रहते पूरा होगा। प्रान्तीय खण्ड लोक निर निर्माण ने द्वारा बताया कि भटौली कछंवा मार्ग के चौड़ीकरण व सुन्दरीकरण के बताया गया कि 2.0 किमी0 में बी0सी0 स्तर तक कार्य पूर्ण है शेष 4.50 किमी0 में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। दूधनाथ तिराहा से लालभैरव मन्दिर होते हुए बरतर तिराहा तक मार्ग के चैड़ीकरण सुन्दरीकरण के बारें में बताया कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था मीरजापुर नहर प्रखण्ड, सिंचाई खण्ड चुनार, सिरसी बांध प्रखण्ड, बाणसागर निर्माण खण्ड-5, बाण सागर निर्माण खण्ड-7, बाण सागर नहर निर्माण खण्ड-8, नल कूप खण्ड, लघु डाल आदि की बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यो की गुणवत्ता के साथ कोई छेड़छाड़ न किया जाए स्वंय उनके द्वारा व अन्य अधिकारियो से निरीक्षण कराने के पर यदि गुणवत्ता खराब पाई गई तो ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जाएगी। तत्वश्चात क्रिटिकल गैप्स के निर्माणाधीन परियोजनाओं, पूर्वांचल विकास निधि जिलांश की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धर्मजीत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार मौजूद थे।

## मृतक अरबाज के परिजनों से मिले सपा नेता

**सहजसत्ता ब्यूरो**

सुल्तानपुर। लखनऊ के इकाना हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मृत युवक अरबाज के परिजनों से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विपिन प्रकाश सिंह दीपक ने आज मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तुरन्त प्रदान की और भविष्य में उनका पक्का मकान बनवाने का आश्वासन भी दिया।आपको बताते चले कि बीते दिनों अरबाज की इलाज के दौरान लखनऊ के इकाना हॉस्पिटल में मौत हो गई थी।आरोप है कि पैसों के अभाव में हॉस्पिटल प्रबंधन ने शव देने से इनकार कर दिया था, जिससे परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश भी देखने को मिला था। इसी प्रकरण में इसौली से सपा विधायक ताहिर खान व अस्पताल प्रशासन में हुई नोकझोंक व अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।जिससे मामला राजनीतिक तूल पकड़ लिया।

## प्रो बी राम मारीशस में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देगें व्याख्यान

**सहजसत्ता ब्यूरो**

वाराणसी। द्रव्यगुण विभाग आयुर्वेद संकाय चिकित्सा विज्ञान संस्थान बीएचयू के प्रोफ़ेसर व पूर्व विभागाध्यक्ष डा बी राम मारीशस में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किए गए है ।प्रो राम आयुर्वेद योग पीठ द्वारा ज्ञान सेतु 21 वी सदी के नवोत्थान हेतु शास्त्र एवं प्रयोग माध्यम से समकालीन ज्ञान मीमांसा का अंतर्विश्यक चिंतन विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बदलते जीवन शैली से उत्पन्न बीमारियों खास़ कर डायबिटीज़ के रोकथाम व उपचार में हर्बल कंपाउंड फार्मूलेशन की उपयोगिता पर व्याख्यान देगें । इससे पूर्व प्रो राम संयुक्त अरब अमीरात व भूटान में भी शोध पत्र पण चुके है ।



## मानहानि केस में राहुल गांधी के वकील ने मांगा मौका

**सहजसत्ता ब्यूरो**

सुलतानपुर। गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादित टिप्पणी दिये जाने के आरोप से जुड़े मानहानि के मुकदमे में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। मामले में राहुल गाँधी के अधिवक्ता ने केरल के एक कार्यक्रम में उनके मौजूद होने का जिक्र करते हुए उन्हें पेश कराने के लिए कोर्ट में मौका अर्जी दिया। वहीं बजट सत्र खत्म होने के बाद की तिथि नियत करने की मांग किया। राहुल गांधी के अधिवक्ता ने अगली पेशी पर राहुल गांधी के उपस्थित होने का भरोसा भी दिलाया। जिस पर अदालत ने राहुल गांधी की तरफ से पेश की गई मौका अर्जी को स्वीकार कर लिया है। विशेष अदालत ने उनका बयान दर्ज करने के लिए 20 फरवरी की तारीख तय किया है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के जरिये गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणी से नाराज होकर अपने अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय के माध्यम से मानहानि का मुकदमा दायर किया था। मामले में परिवादी पक्ष की गवाही पूरी हो जाने के बाद पिछली पेशी पर अदालत ने राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से तलब होने का आदेश दिया था,फिलहाल वह कोर्ट में नहीं आए,जिसकी वजह से कार्यवाही बाधित रही।

# श्री राम वनगमन मार्ग पर यात्रा कर रहे डॉ.मुकेश चैहान का हुआ स्वागत

प्रयागराज (हि.स)। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के पथ पर सनातन धर्म और संस्कृति का प्रचार प्रसार करने बाईक पर निकले



समाजसेवी डॉ. मुकेश चैहान का महर्षि भारद्वाज आश्रम में महापौर गणेश केसरवानी ने अभिनंदन किया। रामनगरी अयोध्या से निकली बाईक यात्रा श्रृंगवेरपुर होते हुए मंगलवार को महर्षि भारद्वाज के आश्रम पहुंची। जहां उजाला सेवा संस्था, आसरा फाउंडेशन और श्री कटरा रामलीला कमेटी ने इस विशेष और रोमांचक यात्रा का स्वागत किया। समारोह में डॉ. मुकेश चैहान और उनकी टीम का माल्यार्पण, अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गणेश केसरवानी ने यात्रा के सफलता की कामना करते हुई सनातन धर्म को आगे बढ़ाने की बात कही।समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारत भाग्य विधाता के संयोजक और वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र पाठक ने श्री राम वन पथ गमन मार्ग की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने श्री राम के जीवन पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन आसरा फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने किया। समारोह का संचालन उजाला सेवा संस्था के अध्यक्ष आलम मालवीय ने किया।उल्लेखनीय है कि, श्री राम वनगमन मार्ग पर डॉ मुकेश चैहान निवासी आगरा एवं उनके तीन अन्य साथी बाइक से भगवान राम की नगरी अयोध्या से श्रीलंका तक जाएंगे। बनवास के दिनों में जिस पथ पर श्रीराम गए थे उसी मार्ग राम वनगमन मार्ग पर लगभग बीस हजार किलोमीटर की यात्रा बाइक से 75 दिनों में तय करेंगे।स्वागत समारोह के अवसर पर पियूष पाण्डेय, संतोष तिवारी, विवेक सिंह, मानस तिवारी, अभय नाथ मालवीय, राजेश निर्मल, शिवजी मालवीय, अभिषेक केसरवानी, शशांक जैन सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आईएनएसडी का महापौर ने किया भव्य उदघाटन

**सहजसत्ता संवाददाता**

प्रयागराज। इन्टरनेशनल स्कूल ऑफ डिजाइनिंग का शुभारम्भ सिविल लाइन्स स्थित होटल शहनशाह के द्वितीय फ्लोर में किया गया जिसका उद्घाटन सामारोह आज 20 जनवरी को बडे धूम धाम से किया गया जिसके चीफ गेस्ट

**प्रयागराज मे पहली संस्थान**

ज्योतिषाचार्य विनोद कुमार ओझा रहे और गेस्ट आफ ऑनर के रूप के उमेश चन्द्र गणेश केशवानी महापौर प्रयागराज रहे सर्वप्रथम डॉ सुशील सिन्हा जी ने इनका स्वागत किया तत्पश्चात पूनियाजा सिन्हा शिब्या सिन्हा शिवम साहनी आर्यन सिन्हा जो कि इंस्टीट्यूट की ऑनर है ने बुक्के देकर उनका स्वागत सम्मान किया साथ में रीतू सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । डॉ सिन्हा ने बताया कि पूजा सिन्हा ने यू. के. से अपनी पी एच डी पूरी की ही । डॉक्टर सिन्हा



ने बताया कि इस घ्एअ इंस्टिट्यूट में कुल चार बैच चलेगे। इंटीरियर डिज़ाइन , फैशन डिज़ाइन, ग्राफिक डिज़ाइन और ज्वेलरी डिज़ाइन। अभी तक ऐसे शिक्षा का प्रयागराज मे अभाव था । आइएनएस डी प्रयागराज का प्रथम संस्थान है । इस उदघाटन मे डॉ के पी श्रीवास्तव एमएलसी नितीश वर्मा राकेश पान्डेय उर्फ बबुआ अध्यक्ष हाई कोर्ट बार एशोसिएशन डॉ मुकुल पान्डेय डॉ बिन्दू विश्वकर्मा डॉ रितू सिन्हा डॉ अमृता त्रिपाठी डॉ संगीता खरे डॉ आर के गुप्ता डॉ दीपक गुप्ता डॉ साहनी तथा अन्य गणमान्य अतिथी उपस्थित थे।

## कोर्ट ने 30 लाख हड़पने के आरोपी की जमानत किया खारिज

**➔ पुलिस की नौकरी दिलाने के नाम पर लम्बी रकम हड़पने का मामला**

**सहजसत्ता ब्यूरो**

सुलतानपुर। पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती कराने के नाम पर बेरोजगार युवकों से 30 लाख रुपए हड़पने के मामले में जेल गए आरोपी अशोक मिश्र की जमानत अर्जी पर सोमवार को एडीजे प्रथम की अदालत में बहस हुई। जज संध्या चौधरी की अदालत ने अपराध की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दिया है। अमेठी जिले के स्थानीय कोतवाली के पूरे पंडित का पुरवा मजरे महमदपुर के निवासी अशोक मिश्र के खिलाफ वादी रंजीत यादव ने अमेठी कोतवाली में गत 28 जुलाई को गम्भीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। प्रतापगढ़ जिले के महमदपुर गांव के रहने वाले वादी रंजीत के आरोप के मुताबिक आरोपी अशोक मिश्र ने पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती कराने के नाम पर उन्हें व उनके परिचितों को कई कूटरचित कागजात उपलब्ध कराए और वादी एवं उनके अलावा बेरोजगार युवक अमित सरोज,अमर बहादुर सरोज,राज सरोज व अभिषेक सिंह से कुल 30 लाख रुपए हड़प लिए एवं पैसे वापस मांगने पर गाली-गलौज व धमकी भी दिया। मामले में एक सप्ताह पहले आरोपी अशोक मिश्र ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था,जिसे अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। एडीजीसी क्रिमिनल पवन कुमार दूबे ने अभियोजन पक्ष से पैरवी करते हुए आरोपी की जमानत पर विरोध जताया था। मामले में आरोपी को सेशन कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी।

## गैरइरादतन हत्या में आरोपी दोषी करार,सजा पर सुनवाई आज

**➔ स्पेशल कोर्ट जज राकेश पाण्डेय की अदालत में आज आएगा दोषी की सजा पर फैसला**

सुलतानपुर। आबादी की विवादित जमीन से ईंट हटाने के विवाद को लेकर लाठी-डंडे से हमला कर मौत के घाट उतारने के 23 साल पुराने मामले में आरोपी कल्पनाथ को स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट राकेश पाण्डेय की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी की सजा पर सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तिथि नियत किया है। अमेठी जिले के जामो थाने के शिवपुर-बक्शगढ़ की रहने वाली चंद्रकला ने 10 जून साल 2002 की घटना बताते हुए स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया। वादिनी के आरोप के मुताबिक उनके एवं गांव के ही रहने वाले आरोपी श्रीराम के परिवार के बीच आबादी की जमीन का मुकदमा चल रहा था। आरोप के मुताबिक विवादित जमीन में रखे ईंट को आरोपी श्रीराम व उनके पुत्र कल्पनाथ हटा रहे थे,जिसे देखकर वादिनी के पति रामलाल धोबी ने मना किया तो आरोपियो ने उन्हें लाठी-डंडे से मारा-पीटा,जिससे उन्हें गम्भीर चोंटे आई और घटना में आई चोंटो की वजह से वादिनी के पति की मृत्यु हो गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या व एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और चार्जशीट भी दाखिल किया। मामले का ट्रायल स्पेशल कोर्ट में चला। ट्रायल के दौरान आरोपी श्रीराम की मृत्यु हो गई,जबकि आरोपी कल्पनाथ के खिलाफ विचारण लम्बित चल रहा था। अदालत ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता एवं शासकीय अधिवक्ता सुशील उपाध्याय के तर्कों को सुनने के पश्चात आरोपी कल्पनाथ को गैरइरादतन हत्या का दोषी माना,वहीं एससी-एसटी एक्ट की धारा में बरी कर दिया है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एसबीबीएल गन लाइसेंस नं0 4451/टी आरजीएस इलाहाबाद से लिया था जिसका गन नं0 एसबीबीएल गन संख्या 7065 है। मेरा गन लाइसेंस संख्या-4451/टी आरजीएस इलाहाबाद दिनांक 12-12-2025 को कचेहरी आने पर कहीं गिर गया, बहुत तलास करने पर भी नीं मिल सका जिसकी एफआईआर 12-12-2025 को कर्नलगंज थाना में कराई गयी।

**रामानुज शुक्ल**
**पुत्र स्व0 शिवनायक शुक्ल**
**निवासी-मवई कला थाना मऊ**
**जिला चित्रकूट**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम यशी तिवारी (YASHI TIWARI) पुत्री सुरेश कुमार तिवारी है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या-64/2015 व दिनांक 08-05-2015 जारी होने का दिनांक 11-05-2015 में उसका नाम कु0य शी तिवारी (KU0YA SHI TIWARI) अंकित हो गया है जो कि गलत है।भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम यशी तिवारी पुत्री सुरेश कुमार तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बंध में समस्त औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

**सुरेश कुमार तिवारी**
**निवासी-बी-10 मेंहदौरी कालोनी, तेलियरगंज, इलाहाबाद (प्रयागराज)।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2009 अनुक्रमांक 1033600 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**मो0 लुकमान**
**पुत्र जमील अहमद**
**पता-रेउसा सीतापुर**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2009 अनुक्रमांक 1098731 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**राणा सिंह पटेल**
**पुत्र श्याम मुरारी पटेल**
**पता-अतरौरा प्रयागराज**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1444761 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**अंजनी यादव**
**पुत्र फतेहबहादुर यादव**
**पता-महाखेड़ा, लालगंज, रायबरेली**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति राजेश पाल पुत्र स्व0 राम शरण पाल उम्र 35 वर्ष दिनांक 01-02-2012 से लापता हैं काफी खोजबीन करने के बाद भी आज तक नहीं मिले।उक्त घटना की जानकारी मैंने थाना कौंधियारा में दिनांक 21-08-2019 को गुमशुदा पंजीयन संख्या-0013/19 दर्ज कराया है।

**अंतिमा पाल**
**पत्नी राजेश पाल**
**निवासिनी-अकोढ़ा मझिगवां, थाना कौंधियारा, जनपद प्रयागराज**


## उत्तर मध्य रेलवे

**टेण्डर संख्या-230-वि./क.वि./प्रयागराज/ई-टेण्डर/2026/611** **दिनांकः 17.01.2026**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विधुत अभियन्ता/क.वि./उ.म.रे./प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.** : 230-क.वि.-कार्य ठेका-1000-2026,**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के पनकीधाम (PNKD) में 132 kV TR लाइन का संशोधन और स्थानांतरण का कार्य। | |
| **अनुमानित लागत** : ₹ 3,71,90,089.97 | **बिड सुरक्षा राशि** : ₹ 3,36,000.00 |
| **कार्य अवधि** : 12 महीना। | **बोली प्रणाली** : एक पैकेट |
| **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः** 09.02.2026, 14:00 बजे। | |
| **निविदा खुलने की तिथि तथा समयः** 09.02.2026, 15:00 बजे। | |

**नोटः- (1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **133/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 26/65 **दिनांकः** 16.01.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई. एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 50251373A | लीड एसिड सेकेडरी सेल 2 वोल्ट 200 एएच | 3758 नग | 09.02.2026 |
| 2 | 50251372 | लीड एसिड सेकेडरी सेल 2 वोल्ट 120 एएच | 1561 नग | 12.02.2026 |
| 3 | 38251941 | बॉडी साइड अरैंजमेंट कम्पलीट | 146 नग | 02.02.2026 |
| 4 | 20255019 | सेट ऑफ सिलिंड्रीकल रोलर बियरिंग फॉर 3 फेज ट्रैक्शन मोटर टाइप 6 एफआरए 6068 | 96 सेट | 09.02.2026 |
| 5 | 20255027 | इलेक्ट्रो न्युमेटिक कांटेक्टर [मोटर कांटेक्टर] | 200 नग | 10.02.2026 |
| 6 | 80254101D | एचएलपी-68N ग्रेड हाइड्रोलिक तेल | 246288 लिटर | 09.02.2026 |
| 7 | 80251046A | ग्रैफाइटेड ग्रीस ग्रेड '0' | 108416 किलो | 19.02.2026 |
| 8 | 6325RC06 | दिश इज टेन्डर टू इंटर इन्टू रेट कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ सीएमएस क्रॉसिंग 60 केजी. 1 इन 8.5 ड्राइंग संख्या टी-4967 एंड सीएमएस क्रॉसिंग 60 केजी 1 इन 12 ड्राइंग संख्या टी- 4220 | 714 Set. | 16.02.2026 |
| 9 | 64255259 | न्यूमेटिक वाल्व | 3531 Set. | 16.02.2026 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **116/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक (ट.) (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए **गाड़ी संख्या 04115/04116 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक (ट.) (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी** का संचालन, पूर्व में अधिसूचित "अगले आदेश तक" के स्थान पर, वर्तमान समय-सारणी, ठहराव, संचालन दिवस, मार्ग एवं संरचना के अनुसार **दिसंबर 2030** के अंत तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी सं. 04115 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक (ट.) | | | गाड़ी सं. 04116 लोकमान्य तिलक (ट.)-सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:10 | सूबेदारगंज | 07:30 | — |
| 13:23 | 13:25 | फतेहपुर | 03:50 | 03:52 |
| 14:55 | 15:00 | गोविंदपुरी | 02:45 | 02:50 |
| 17:33 | 17:35 | भरुआसुमेरपुर | 00:33 | 00:35 |
| 18:01 | 18:03 | रागौल | 00:16 | 00:18 |
| 19:05 | 19:10 | बाँदा | 23:40 | 23:45 |
| 21:05 | 21:07 | चित्रकुट धाम कर्वी | 22:00 | 22:02 |
| 00:15 | 00:20 | सतना | 18:50 | 18:55 |
| 00:48 | 00:50 | मैहर | 17:43 | 17:45 |
| 01:55 | 02:00 | कटनी | 16:50 | 16:55 |
| 03:20 | 03:30 | जबलपुर | 15:30 | 15:40 |
| 04:33 | 04:35 | नरसिंहपुर | 13:30 | 13:32 |
| 05:38 | 05:40 | पिपरिया | 12:24 | 12:26 |
| 07:40 | 07:50 | इटारसी | 11:15 | 11:25 |
| 11:17 | 11:20 | खंडवा | 08:58 | 09:00 |
| 13:15 | 13:20 | भुसावल | 05:40 | 05:45 |
| 16:52 | 16:55 | नाशिक रोड | 02:17 | 02:20 |
| 19:47 | 19:50 | कल्याण | 23:37 | 23:40 |
| 20:12 | 20:15 | ठाणे | 23:10 | 23:13 |
| 20:50 | ---- | लोकमान्य तिलक (ट.) | ---- | 22:50 |

- **गाड़ी सं. 04115: सूबेदारगंज** से (प्रत्येक गुरूवार) दिनांक **05.03.2026** से **26.12.2030** तक • **गाड़ी सं. 04116: लोकमान्य तिलक (ट.)** से (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक **06.03.2026** से **27.12.2030** तक
- **गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी-04

**नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।**

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in **151/26(D)**

# माघ मेला अधिकारियों ने की उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवमानना : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

## शंकराचार्य कौन होगा यह देश के राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री को अधिकार नहीं : शंकराचार्य

प्रयागराज (हि.स.)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि शंकराचार्य कौन होगा, यह तय करने का अधिकार देश के राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को नहीं है। उन्हें उच्चतम न्यायालय के जिस आदेश को लेकर नोटिस दिया गया है। उसकी अवमानना माघ मेला के अधिकारियों ने की है। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब और अवमानना का नोटिस भी दिया जाएगा। उन्होंने माघ मेलाधिकारियों पर मीडिया को गलत जानकारी देने का भी आरोप लगाया।स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मंगलवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नोटिस के सवाल पर कहा कि उन्हें उच्चतम न्यायालय के जिस आदेश को लेकर नोटिस दिया गया है, उस आदेश को अधिकारियों को पढ़ लेना चाहिए था। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकारी में इतनी योग्यता नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को ढंग से अध्ययन कर लेते। अगर किया होता तो वह न्यायालय के अवमानना से बच जाते। उन्होंने कहा कि किसी पीठ का शंकराचार्य अन्य तीन पीठ के शंकराचार्यों की मान्यता से ही तय हो हैं। भारत के राष्ट्रपति को भी यह अधिकार नहीं है कि वह



यह तय करें कि शंकराचार्य कौन होगा।महाराज ने कहा कि माघ मेला अधिकारियों ने प्रेस कांफ्रेंस में झूठी जानकारी दी गई है। इस संबंध में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के अधिवक्ता डाक्टर पीएन मिश्रा ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहीं ऐसा नहीं कहा है कि इन्हें शंकराचार्य को रोका जाए। उच्चतम न्यायालय एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेशों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि धार्मिक संविधान में किसी भी तरह से हस्ताक्षेप नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा कि यदि पिता की मौत हो जाती है तो उसके बेटे का नाम स्वतः चढ़ा दिया जाता है। ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वतीजी ने वसीयत करके पीठ का पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को बनाया था। यह वसीयतनामा 1 फरवरी 2017 महाराज ने पंजीकृत कराया था। जिसके बाद शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद के ब्रह्मलीन होने के दूसरे दिन उनका पट्टाभिषेक कर दिया गया। जिसे गुजरात के उच्च न्यायालय ने सही माना है।महाराज के अधिवक्ता ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में ही शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज कहकर संबोधित किया है। न्यायालय ने कहीं नहीं कहा है कि वह शंकराचार्य नहीं लिख सकते हैं। मेला प्राधिकरण के अधिकारियों ने उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवमानना की है। अवमानना का मुकदमा भी दाखिल किया जाएगा। प्राधिकरण की नोटिस का जवाब 24 घंटे के भीतर दे दिया जाएगा।शंकराचार्य के अधिवक्ता कहा कि 22 सितंबर 2017 के निर्णय में यह भी कहा है कि चार पीठों के अतिरिक्त कोई शंकराचार्य नहीं लिख सकता है। हालांकि संज्ञान में आया है मेला में 15 लोग शंकराचार्य लिखे हुए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाय , लेकिन अब तक फर्जी शंकराचार्य लिखने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। अंत में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि नोटिस का जवाब भी भेजा जाएगा और अवमानना की भी नोटिस भी मेला प्राधिकरण को दी जाएगी।

# विधायक कोरांव ने लिया अपने गुरू डॉ जोशी का आशीर्वाद

**➔ क्षेत्रीय विकास हेतु लिया सुझाव**

**सहजसत्ता संवाददाता**

कोरांव।क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल ने मंगलवार को अपने राजनैतिक गुरू एवं संरक्षक भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने डॉ जोशी से क्षेत्र के विकास पर भी चर्चा की। बता दें कि क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल इन दिनों अपने व्यक्तिगत कार्यों से दिल्ली में हैं। उन्हें पूर्व में भाजपा के कद्दावर नेता रहे डॉ मुरली मनोहर जोशी का राजनैतिक शिष्य माना जाता है। इस बात को विधायक ने कई जगह सार्वजनिक रूप से स्वीकार भी किया है। व्यक्तिगत कार्यों से जैसे ही विधायक को कुछ समय मिला वे अपने संरक्षक डॉ जोशी से मिलने उनके आवास पर जा पहुंचे। वहां विधायक ने अपने गुरू और मां स्वरूपा गुरुपत्नी का चरण छूकर आशीर्वाद लिया। विधायक ने उन्हें पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम उपहार स्वरूप भेंट किए। विधायक ने बताया कि उन्होंने जीवन का एक लंबा समय इस परिवार के सानिध्य में बिताया है। इसलिए उन सबसे मिलने पर अद्वितीय अपनेपन की अनुभूति होती है। आगे बताया कि प्रयागराज के पूर्व सांसद डॉ जोशी को विकास पुरुष के रूप में जाना



जाता है,इसलिए उनसे मुलाकात होने पर क्षेत्र के समग्र विकास पर चर्चा कर उनके बेशकीमती सुझाव प्राप्त किए। विधायक ने कहा कि वे खुद को भाग्यशाली समझते हैं कि भारतीय राजनैतिक क्षितिज के देदीप्यमान सूर्य रह चुके डॉ जोशी से उन्हें समय समय पर मार्गदर्शन मिलता रहता है। गुरुपत्नी के विषय में बातें करते हुए विधायक ने कहा कि उनके द्वारा मुझे हमेशा पुत्रवत स्नेह और लाड़ दुलार मिला है। जिसका मै आजीवन ऋणी रहूंगा।

# डीएम ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

**➔ बैठक में खराब रैंकिंग पर जतायी कड़ी नाराजगी, सुधार के दिये निर्देश**

**➔ फेमिली आईडी एवं निर्माण कार्यों को समयसीमा में कराये पूर्णः जिलाधिकारी**

प्रयागराज (हि.स.)। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मंगलवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की खराब रैंकिंग पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए रैंकिंग में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिन विभागों के मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर बी, सी व डी रैंकिंग है, ऐसे विभागों के सम्बंधित अधिकारियों को खराब रैंकिंग होने का स्पष्टीकरण एवं रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग की सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें तथा जिन कार्यों में उनके स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है, उनकी प्रत्येक सप्ताह पत्रावली के माध्यम से समीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित



अधिकारियों को सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं होगी। कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम सूर्यघर योजना में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बंधित विभाग को दिए। उन्होंने पीओ नेडा को पीएम सूर्यघर योजना का अन्य विभागों एवं वेण्डरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार व जागरूक कराये जाने एवं खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा सोलर कनेक्शन कराये जाने के लिए कहा। बैठक में उपस्थित विद्युत नोडल से पीएम सूर्यघर योजना के लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए कहा है। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति दशमोत्तर एवं पूर्वदशम, जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना से सम्बंधित खराब रैंकिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षण संस्थाओं के साथ बैठक कर रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों को अपूर्ण आवासों के कार्य की प्रगति में तेजी लाते हुए पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य में खराब प्रगति एवं सीएम डैशबोर्ड पर सी रैंकिंग होने पर जिला विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने योजनाओं में निम्न श्रेणी का प्रदर्शन होने के कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और सभी को चेतावनी देते हुए श्रेणी में सुधार लाते हुए अगले माह उन्हें ए श्रेणी में लाये, अन्यथा सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, परियोजना अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने खुद को लगाई आग, झुलसी

कोरांव।कोरांव थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में मंगलवार सुबह एक विवाहिता ने पति-पत्नी के विवाद के बाद खुद को आग लगा ली। घटना में वह गंभीर रूप से झुलस गई, जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, 26 वर्षीय रागिनी पत्नी सुनील का अपने पति से आए दिन विवाद होता रहता था। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद रागिनी ने यह कदम उठाया।रागिनी की हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।


## अदालती नोटिस

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय अपर सिविल जज (क0श्रे0) कक्ष संख्या-10, इलाहाबाद।**
**मूल वाद संख्या-217 सन 2024**

ओम प्रकाश विश्वकर्मा उम्र लगभग 75 वर्ष पुत्र स्व0 हीरा लाल विश्वकर्मा, दुकान नं0 45/49 (पुराना) अब 49ए जानसेनगंज, इलाहाबाद।

**....वादी**

**बनाम**

(1)राजेश कुमार गुप्ता उम्र 41 वर्ष
(2)अरूण कुमार गुप्ता उम्र 38 वर्ष
(3)अभय कुमार गुप्ता उम्र 37 वर्ष
सभी पुत्रगण स्व0 हरिशंकर गुप्ता
सभी निवासीगण-49बी, जानसेनगंज, तहसील सदर, जिला-इलाहाबाद।

**....प्रतिवादीगण**

चूँकि उपर नामेकित .... ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है कि........अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 03 के 03 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्हि में स्वयं या सम्यकरूपेण अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

**तारीख पेशी-03/03/2026**

**आज्ञा से**
**न्यायाधीश**

## अदालती नोटिस

**न्यायालय सिविल जज (क0श्रे0) शर्की इलाहाबाद**

द्वारा निकाली गयी उदघोषणा
उत्तराधिकार वाद संख्या-39 सन 2026

श्रीमती रेनू सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी स्व0 अजीत सिंह निवासी-ग्राम तालापार, पोस्ट शंकरगढ़, तहसील बारा, जिला प्रयागराज। हालपता-शक्ति नगर पोस्ट चाका नैनी तहसील करछना, जनपद प्रयागराज।

**....वादी**

**बनाम**

(1) दिवाकर सिंह उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र स्व0 इन्दु प्रसाद
(2)आशा देवी उर्फ सखी देवी उम्र लगभग 55 वर्ष पत्नी दिवाकर सिंह
(3) अमित सिंह पुत्र दिवाकर सिंह
सभी निवासीगण-ग्राम तालापार, पोस्ट शंकरगढ़, तहसील बारा, परगना बारा, जिला प्रयागराज।

**.....विपक्षीगण**

अपने .पति. ... मृत स्व0 स्व0 अजीत सिंह..को देय ऋण और प्रतिभूति वसूल करने के लिए प्रमाण-पत्र को अभिप्राप्ति के लिये सन 1989 ई0 के अधिनियम 7 के अधीन 372 भा0उ0अधि0 का आवेदन उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए।
चूंकि वादिनी रेनू सिंह ने न्यायालय से प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन दिया है और सन 2026 के 02 मास के 13 दिवस आवेदन की सुनवाई के लिए नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उ0प्र0प0 के आवेदन के सम्बंध में आपत्ति हो वह स्वयं या अधिवक्ता द्वारा 10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सि0ज0 (क.श्रेणी.)शर्की स्थान प्रयागराज में नियत दिनांक पर उपसजात होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के सम्बंध यथोचित आदेश पारित होगा।

**ता0 पेशी- 13-02-2026**

**आज्ञा से**
**न्यायाधीश**


## बाइक सवार मामा और भांजा पेड़ से टकराए, घायल

**सहजसत्ता संवाददाता**

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में मंगलवार को दोपहर 1 बजे के करीब सड़क के किनारे स्थित पेड़ से टकराकर बाइक सवार मामा और भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव ले आई। जिसके बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कृष्णकांत पुत्र उजागिर निवासी डील उसरी थाना खीरी अपनी बहन के घर कोरांव थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव गया हुआ था। वह अपने भांजे नरेंद्र के साथ वापस लौट रहा था। बड़ोखर में ही रत्योरा बड़ोखर मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे स्थित पेड़ से अनियंत्रित होकर बाइक टकरा गई। हादसे में मामा कृष्ण कांत और भांजा नरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव लाई जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# झांसी मंडल के सिथौली-ग्वालियर-बिरलानगर खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली हुई कमीशन

**➔ यात्रियों को मिलेगा सुरक्षित व समयबद्ध रेल संचालन का लाभ**

**सहजसत्ता संवाददाता**

प्रयागराज। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन तथा प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता सतेंद्र कुमार एवं झांसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में एवं मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्ट-2) भोलेन्द्र सिंह एवं समस्त मुख्यालय की टीम के सहयोग से उत्तर मध्य रेलवे के रेल संरक्षा एवं परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सिथौली-ग्वालियर-बिरलानगर खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशन किया गया है।यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने देते हुए बताया कि ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू होने से अब ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे कम दूरी पर भी सुरक्षित रूप से चलाई जा सकेंगी। जिससे खंड की लाइन क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों की समयबद्धता में उल्लेखनीय सुधार




होगा। साथ ही इस तकनीक से ट्रेन संचालन के दौरान मानवीय त्रुटियों की सम्भावना कम हो जाएगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और अधिक सुनिश्चित हो सकेगी।इस परियोजना के अंतर्गत कुल तीन ब्लॉक सेक्शन एक ही दिन में चालू किए गए, जो एक बड़ी उपलब्धि है। तीन प्रमुख स्टेशनों (सिथौली, ग्वालियर एवं बिरलानगर) पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली को उन्नत किया गया, जिससे सिग्नल संचालन और अधिक सटीक एवं तेज़ हो गया है। इस खंड में 49 अत्याधुनिक ट्रैक डिटेक्शन उपकरण लगाए गए हैं, जो ट्रेन की स्थिति का सटीक पता लगाते हैं और सिग्नलिंग को और अधिक भरोसेमंद बनाते हैं। इसके अतिरिक्त सोलह सिग्नलों को अपग्रेड करके अब उन्हें चार पहलू वाला बनाया गया है, जिससे लोको पायलट को दूर से ही स्पष्ट संकेत मिलते हैं और ट्रेन की गति व नियंत्रण में सुधार होता है।वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक झांसी मंडल के दिल्ली-चेन्नई मेन लाइन रूट पर कुल 14 ब्लॉक सेक्शन (104.15 किमी) ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली के अंतर्गत चालू किए गये हैं। प्रोजेक्ट यूनिट झांसी द्वारा की गई इस कमीशनिंग से देलवाड़ा से मुरैना तक 218 किमी का खंड पूर्ण रूप से ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली में परिवर्तित हो चुका है। मुरैना-सिकरोदा-हितमपुर सेक्शन फरवरी 2026 में तथा देलवाड़ा-ललितपुर-जीरोन सेक्शन (ललितपुर यार्ड रीमॉडलिंग सहित) मार्च 2026 में पूर्ण करने की योजना है।इस परियोजना को उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नन्दीश शुक्ल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) पी. पी. शर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जे.संजय कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर आशुतोष चैरसिया, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता आशीष श्रीवास्तव तथा डिप्टी चीफ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्ट) मयंक अग्रवाल के सहयोग से पूर्ण किया गया।

# परिवार ही पहली पाठशाला, जहां नैतिक व मानवीय मूल्यों का बीजारोपण : वंदना तिवारी

**➔ ज्वाला देवी गंगापुरी में चतुर्थ 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम आयोजित**

प्रयागराज(हि.स.)। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद में मंगलवार को चतुर्थ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के चार मूल स्तम्भों - स्व का बोध, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण के प्रति दायित्व एवं महिलाओं की सशक्त भूमिका रही।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सह सचिव हिंदू आध्यात्मिक सेवा संस्थान प्रयागराज की वंदना तिवारी ने कुटुम्ब प्रबोधन और भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार ही वह पहली पाठशाला है जहां नैतिक और मानवीय मूल्यों का बीजारोपण होता है।कार्यक्रम संयोजिका आचार्या बेबिका राय ने प्रस्ताविकी रखते हुए कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं है, बल्कि छात्रों में संस्कार, संस्कृति और सामाजिक



दायित्व की भावना का संचार करना तथा अभिभावकों और बच्चों को भारतीय मूल्यों के महत्व से अवगत कराने और इन सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने हेतु आग्रह किया।विशिष्ट अतिथि हेल्थ इज वेल्थ फिटनेस डायरेक्टर विनीता कक्कड़ ने महिलाओं की सशक्त भूमिका और पर्यावरण संरक्षण विषय पर विचार व्यक्त करते हुए सशक्त महिला शक्ति के अपरिहार्य योगदान को रेखांकित किया और मातृशक्ति से जल बचत एवं वृक्षारोपण जैसे छोटे प्रयासों से प्रकृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई सही उत्तर देने वाली मातृ शक्ति को उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रेरणा स्वरूप रानी चेनम्मा के रूप में रिया सक्सेना, सुषमा स्वराज के रूप में सुप्रिया शुक्ला, प्रतिभा देवी पाटिल के रूप में रश्मि मिश्रा एवं रानी पद्मावती के रूप में पूजा बरनवाल को सम्मानित किया गया।इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों व विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने मां सरस्वती के समक्ष दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रेरणादायक आयोजन में विद्यालय मातृ भारती की सदस्य एवं लगभग 200 माताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आचार्या रीता विश्वकर्मा व श्रद्धा श्रीवास्तव ने किया।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक :217 / 10काम.पी.—प्रया.वृ. / 2025 दिनांक : 14.01.2026

1 महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओं से ई—टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.स. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) जीएसटी रहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | प्रयागराज | जनपद प्रयागराज में बक्शी मोढ़ा करैलाबाग सम्पर्क मार्ग पर स्थित पुलिया का मरम्मत का कार्य। | 43.64 | 4.18 | 2714.00 | 2 माह | मार्ग/सेतु कार्य ए. बी. सी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 22.01.2026 से 29.01.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक उपलब्ध है जो दिनांक 29.01.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 29.01.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा विवरण ई—टेन्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है तथा साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी पोर्टल पर भी अपलोड करना होगा।

पी0के0 राय
अधिशासी अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड लो0नि0वि0 प्रयागराज

नरेश कुमार
अधीक्षण अभियन्ता
प्रयागराज वृत्त लो0नि0वि0 प्रयागराज

यूपीआईडी-244176/दिनांक 19-01-2026, विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है

## सम्पादकीय

# बहुमत के बावजूद सियासत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व और प्रचंड जनादेश मिला है। एक तरफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पुरानी शिवसेना का वर्चस्व और शासन समाप्त किया है, तो दूसरी तरफ पुणे में शरद पवार के परंपरागत गढ़ को ध्वस्त किया है। पवार अब न तो 'चाणक्य' रहे हैं और न ही राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक रहे हैं। उनका राजनीतिक युग समाप्त हो चुका है। महाराष्ट्र नगर निगम के कुल 2869 में से 1440 वार्ड में भाजपा के पार्षद विजयी रहे हैं, लिहाजा कुल 29 नगर निगमों में से 25 में भाजपा के मेयर सत्तारूढ़ हो सकते हैं। भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है, लिहाजा अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर (महापौर) होना चाहिए। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने 'महायुति' वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की 'मनसे' ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। उन्हें 71 पार्षद मिले हैं। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया।अब मराठा सियासत के कई साझेदार हो गए हैं, जिनमें भाजपा और शिंदे सेना भी शामिल है। बेशक ठाकरे घराने की चुनावी पराजय हुई है, लेकिन पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की विरासत अब भी अस्तित्व में है। बल्कि वह बीएमसी में सत्ता के समीकरण बदल भी सकती है। इतिहास खुद को दोहराता-सा लग रहा है। भाजपा-पुरानी शिवसेना ने विधानसभा चुनाव गठबंधन के साथ ही लड़ा था। गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट बहुमत भी था, लेकिन उद्धव ठाकरे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि उन्होंने अढाई-अढाई साल के मुख्यमंत्री की मांग की। बल्कि पहला अवसर शिवसेना को देने का भी आग्रह किया। हालांकि भाजपा के 104 विधायक जीत कर आए थे और वह सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन शिवसेना के 55-56 विधायक ही थे। सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक भूख यहां तक बढ़ी कि उद्धव ने कांग्रेस और संगठित एनसीपी के साथ 'महाविकास अघाड़ी' गठबंधन बनाया और मुख्यमंत्री बन गए। भाजपा ने एकनाथ शिंदे के जरिए न केवल शिवसेना को दोफाड़ किया, बल्कि उद्धव की सरकार भी गिरवा दी। लगभग उसी तरह अब उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना के 29 पार्षदों को 'ताज होटल' में, गहरे पहरे के साथ, रखा गया है। पार्षदों में से ही आवाज उभरी है कि मुंबई का मेयर अढाई-अढाई साल का होना चाहिए। सियासत यहीं से आरंभ होती है। यदि शिवसेना किसी भी स्थिति में भाजपा के पंचसाला मेयर के लिए तैयार नहीं हुई, तो क्या शिंदे की शिवसेना घर-वापसी करते हुए उद्धव की शिवसेना के साथ कोई समझौता कर सकती है? हालांकि उद्धव का साफ कहना है कि जिन्होंने हमारी पार्टी तोड़ी थी, उनके लिए हमारे दरवाजे बिल्कुल बंद हैं, लेकिन उन्हीं के सांसद प्रवक्ता संजय राउत ने धमकी वाला बयान दिया है कि भाजपा-शिवसेना के बीएमसी में 4 पार्षद ही बहुमत से अधिक हैं, लिहाजा कभी भी तख्तापलट किया जा सकता है। हमारा मानना है कि शिंदे भाजपा के खिलाफ जाने का फिलहाल जोखिम नहीं उठाएंगे, क्योंकि भाजपा उनके इलाकों में भी ताकतवर बनकर उभरी है। दरअसल बीएमसी देश की सबसे अमीर महानगरपालिका है। बीएमसी की सत्ता भाजपा किसी भी कीमत पर हासिल करना चाहेगी।


**जन्मदिवस पर विशेष**

# हेमू कालाणी : आजादी के संघर्ष का प्रखर नायक



**प्रमोद दीक्षित मलय**

भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध 1857 से आरंभ किया गया संग्राम अनवरत अहर्निश गतिमान रहा है। स्वातंत्र्य समर की यह जाज्वल्यमान मशाल न कभी बुझने पाई, न डिगने पाई। स्वतंत्र समर में समाज के प्रत्येक क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों ने अपना योगदान दिया है। चाहे वे किसान, मजदूर, राजनीतिक व्यक्तित्व रहे हों या फिर विद्यार्थी, शिक्षक और पत्रकार। किसी ने अपनी लेखनी से क्रांति के गीत रचे हैं तो किसी ने अपने पावन रक्त से मां भारती का तिलक किया है। देश के अस्तित्व रक्षा के लिए उम्र मायने नहीं रखती बल्कि सर्वस्व समर्पण का भाव महत्वपूर्ण होता है। गुलामी की बेड़ियां काटने के लिए किशोर वय क्रांतिकारियों ने भी राष्ट्र चेतना के गौरव अनुष्ठान में अपने जीवन की आहुति समर्पित की है। नाना साहब पेशवा की बेटी मैना हो, उत्कल का किशोर पूनम नेगी या फिर बंगाल का सिंह शावक खुदीराम बोस। किशोर बलिदानियों की इस श्रंखला में सिंध के शहीद हेमू कालाणी का नाम भारत के क्रांतिकारियों में बड़ी श्रद्धा एवं सम्मान से लिया जाता है। हेमू कालाणी को राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति के संस्कार बचपन से ही मिले थे। हेमू का जन्म 23 मार्च, 1923 को सिंध के सक्खर नामक गांव में पिता पेसूमल कालाणी एवं माता जेठी बाई के कुल परिवार में हुआ था। वह समय भारत में स्वतंत्रता आंदोलन के चरम का था तो वहीं भारतीयों के विरुद्ध अंग्रेजी शासन द्वारा किए जा रहे अमानवीय यातना एवं दमन का भी। अंग्रेजों के इस कठोर एवं निर्दयी पाशविक व्यवहार से संपूर्ण देश में क्रांति एवं विद्रोह का एक वातावरण बना हुआ था। महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, विनायक दामोदर सावरकर, लाला लाजपत राय, लोकमान्य तिलक जन-जन के दिलों में श्रद्धा एवं शक्ति का केंद्र बन गये थे। महात्मा गांधी जब सिंध की यात्रा पर आए तो जन सैलाब सड़कों पर उतर आया। कराची में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन से भी पूरे सिंधु में स्वतंत्रता के लिए एक प्रेरक वातावरण बना। ऐसे में हेमू का बाल मन देशप्रेम एवं बलिदानी भावना से भला कैसे अप्रभावित रह सकता था, जिसे आरंभ से ही मां जेठी बाई द्वारा रात्रि में सोने से पहले महान नेताओं की कहानी सुनाई जाती रही हो। सात-आठ वर्ष का बालक अपने हमउम्र साथियों के साथ अपने हाथों में तिरंगा उठा नेतृत्व करते हुए शहर की बस्तियों में गली-गली प्रभात फेरी निकाला करता। संयोग से 23 मार्च,1931 को भगत सिंह, सुखदेव थापर एवं शिवराम राजगुरु को फांसी की सजा दिए जाने से देशभर



में अंग्रेजों के खिलाफ ज्वार उमड़ा। बालक हेमू ने संकल्प लिया कि एक दिन वह भी भगत सिंह की तरह भारत माता की सेवा-साधना में अपने प्राणों कि समिधा समर्पित कर देगा। वह कपड़े से फांसी का फंदा बना साथियों के साथ भगत सिंह की फांसी का खेल खेलता। मां के यह पूछने पर कि हेमू तू ये कैसे खेल खेलता रहता है। तो वह निर्भय बालक बोलता, 'मां ! एक दिन पूरा भारत वर्ष तुम्हारे पुत्र पर गौरव करेगा। मुझे भारत माता को अंग्रेजों से मुक्त कराना है।' मां गर्व से फूल बालक को सीने से लगा चूमने लगती। अब हेमू कालाणी जगह-जगह विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करता, होली जलाकर स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग हेतु सामान्य जन को प्रेरित करता। काल चक्र गतिशील था। 8 अगस्त, 1942 को महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का ऐलान कर अंग्रेजों के विरुद्ध देशव्यापी संघर्ष छेड़ा। देश भर में जगह-जगह अंग्रेजों के विरुद्ध जनता उठ खड़ी हुई। सिंध भी ललकार कर खड़ा हुआ। पुलिस थानों, चौकियों, चौराहों पर विरोध प्रदर्शन होने लगे। हेमू इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने लगा। वह सिंध में लोकप्रिय हो घर-घर पहचाना जाने लगा। अक्टूबर, 1942 में हेमू को जानकारी मिली कि क्वेटा में आंदोलनकारियों को दबाने एवं संहार के लिए सक्खर से एक फौजी दस्ता तमाम घातक हथियारों को लेकर ट्रेन से जाने वाला है। तब हेमू ने साथियों के साथ योजना बना रात के समय पुल के पास रेल ट्रैक की फिश प्लेटें उखाड़ना शुरू किया। रात्रि के शांत वातावरण में हथौड़े की आवाज से ड्यूटी पर तैनात सिपाही मुस्तैद हो गए और पकड़ने को दौड़े। हेमू ने अपने दोनों साथियों को भगा दिया और स्वयं डटे रहे, फलतः पकड़े गए। सिपाहियों द्वारा असहनीय शारीरिक दंड दिया गया। साथियों का नाम-पता जानने के लिए निर्मम यातनाएं दी गयीं। लेकिन हेमू ने यही कहा कि मेरे केवल दो साथी थे यह एक रिंच और दूसरा हथोड़ा। मार्शल लॉ कोर्ट ने देशद्रोह के अपराध में हेमू को आजन्म कारावास दिया। आदेश की प्रति सिंध के हैदराबाद सेना मुख्यालय के अधिकारी कर्नल रिचर्डसन के पास अनुमोदन हेतु प्रेषित की गई। कर्नल आदेश प्रति पढ़कर आग बबूला हो गया और हेमू कालानी को अंग्रेजी सत्ता का खतरनाक शत्रु करार देते हुए आजीवन सजा को फांसी की सजा में बदल दिया। यह जानकारी बाहर आते ही सिंध उबल पड़ा। गणमान्य व्यक्तियों के एक समूह ने वायसराय को पत्र लिखकर फांसी की सजा को आजन्म कारावास में बदलने की प्रार्थना की। लेकिन वायसराय ने शर्त रखी कि हेमू अपने दोनों साथियों के नाम बता दे। लेकिन हेमू ने शर्त अस्वीकार कर बलिदान का पथ चुना। अंततः 21 जनवरी, 1943 को 19 वर्ष की अल्प आयु में प्रातः काल 7.55 बजे हेमू कालाणी को सक्खर की जेल में फांसी दे दी गई। देश अपने उस किशोर बलिदानी को भूला नहीं। 18 अक्टूबर, 1983 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने माता जेठी बाई की उपस्थिति में हेमू कालाणी पर 50 पैसे का डाक टिकट जारी किया। देश के तमाम शहरों यथा इंदौर, जयपुर, राजनांदगांव, जोधपुर, अजमेर, उल्हासनगर आदि में चौराहों के नाम हेमू कालाणी चौक रखे गए। फैजाबाद में एक पार्क का नाम रख हेमू कालाणी की 15 फीट ऊंची प्रस्तर प्रतिमा स्थापित की गई। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के मुख्य चौराहे कचहरी चौक में प्रतिमा स्थापित कर वार्ड का नाम हेमू कालाणी वार्ड रखा गया। तो दिल्ली में एक विद्यालय का नाम शहीद हेमू कालाणी सर्वोदय बाल विद्यालय रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वाधीनता के युद्ध का यह किशोर नायक करोड़ों भारतीयों के दिलों में हमेशा जीवित जाग्रत रहेगा और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान का भाव दिलों में भरता रहेगा।

# ममता को केंद्र सरकार से टकराने का बहाना चाहिए

**योगेंद्र योगी**

पश्चिम बंगाल देश के लिए ऐसा राजनीतिक अखाड़ा बन चुका है। इससे होने वाले राष्ट्व्यापी नुकसान की ममता बनर्जी सरकार को परवाह नहीं है। ममता बनर्जी का तौर–तरीका ऐसा बन चुका है मानो पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा नहीं होकर एक स्वतंत्र देश हो। ममता किसी न किसी मुद्दे पर केंद्र सरकार से टकराती रही हैं। एक भी मौका केंद्र से टकराव का नहीं छोड़ती है और फिर खुद ही लोकतंत्र खतरे में है का नारा देकर सिर पर आसमान उठा लेती है। नया मामला प्रवर्तन निदेशालय के छापे की कार्रवाई का है। ईडी ने पश्चिम बंगाल में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दूसरी टीम सॉल्टलेक स्थित दफ्तर पर छापा मारा था। सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट पहुंच गईं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा-गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं।ममता बनर्जी ने आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की छापेमारी के संबंध में संघीय एजेंसी के खिलाफ दो कोलकाता और बिधाननगर पुलिस ने औपचारिक प्राथमिकी दर्ज कराई। ममता बनर्जी ने ईडी की छापेमारी के खिलाफ कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के साथ विरोध मार्च निकाला। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी चुनाव से पहले उनकी पाटी तृणमूल कांग्रेस के संवेदनशील दस्तावेज जब्त कर राजनीतिक प्रतिशोध कर रही है। पुलिस ने ममता बनर्जी की शिकायत पर ईडी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर औपचारिक जांच शुरू कर दी। यह मुद्दा कलकत्ता हाईकोर्ट तक गया। कलकत्ता हाइकोर्ट ने रेड मामले में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि जांच एजेंसी ईडी ने आईटी हेड प्रतीक जैन के ऑफिस पर रेड मारकर कुछ कागजात जब्त किए थे। एजेंसी का कहना था कि पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। कोर्ट ने कहा, जब ईडी ने कुछ भी जब्त न करने की बात की है, तो अब इस मामले पर सुनवाई के लिए कुछ नहीं बचता है। याचिका को खारिज कर दी। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। प्रवर्तन निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर कर भारतीय न्याय संहिता के तहत 17 अपराधों की सीबीआई जांच की मांग की। याचिका में ईडी ने आरोप लगाया है कि सीएम ममता बनर्जी, राज्य के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर ने ईडी की रेड में न सिर्फ बाधा डाली बल्कि अधिकारियों को डरा-धमकाकर सबूतों से छेड़छाड़ की। ममता सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि यह मामला चुनावों के बीच उठाया गया है और इससे राजनीतिक माहौल प्रभावित हो सकता है। ईडी चुनावी डेटा चुराने की कोशिश कर रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सवाल किया, 'क्या लॉर्डशिप को लगता है कि हाईकोर्ट न्याय नहीं कर सकता? इस पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा, 'कृपया हमारे मुंह में शब्द न डालें। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले को 'गंभीर' करार दिया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'यह एक गंभीर मामला है। हम इस पर परीक्षण करेंगे। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी करने का संकेत दिया। ममता बनर्जी की केंद्र सरकार से टकराने की फेहरिस्त काफी लंबी है। इसका नमूना कोरोना महामारी में केंद्र के साथ टकराव, अम्फन तूफान को लेकर गृह मंत्री के साथ झगड़ा शामिल है। इस क्रम में बंगाली प्रवासी मजदूरों को लेकर केंद्र और बंगाल सरकार के बीच टकराव को कौन भूल सकता है। बंगाल की सीमा पर नेपाल, बांग्लादेश और भूटान से आने वाले ट्रकों को लेकर भी केंद्र और बंगाल सरकार के बीच टकराव हुआ था। हुगली के तेलिनीपाड़ा में हुए दंगे को लेकर सोशल मीडिया में सवाल उठाने पर बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और आईटी सेल प्रभारी अमित मालवीय के खिलाफ हुई रिपोर्ट पर राज्य पुलिस ने सांसद अर्जुन सिंह और लॉकेट बनर्जी समेत कई नेताओं पर मामले दर्ज कर एक और टकराव को जन्म दिया था। टकराव की इस कड़ी में नया मामला पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति का है।राज्य के मौजूदा डीजीपी राजीव कुमार का कार्यकाल इसी महीने 31 जनवरी को खत्म हो रहा है। यूपीएससी ने ममता सरकार को एक बहुत बड़ा झटका दिया। आयोग ने राज्य सरकार द्वारा भेजी गई आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट को वापस लौटा दिया। यूपीएससी ने राज्य सरकार की सिफारिश को तकनीकी और कानूनी आधार पर रिजेक्ट कर दिया। दरअसल राज्य सरकार ने नए डीजीपी के चयन के लिए कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भेजे थे। लेकिन आयोग ने इस लिस्ट पर विचार करने से ही इनकार कर दिया। यूपीएससी का कहना है कि पुरानी प्रक्रियाओं में कई खामियां छोड़ी गई थीं। इसके चलते वर्तमान नियुक्ति प्रक्रिया को सही नहीं माना जा सकता है। नियमों के मुताबिक सरकार को एक तय समय सीमा के भीतर यह लिस्ट भेजनी चाहिए थी। यूपीएससी ने साफ तौर पर कहा है कि सरकार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से परमिशन लेनी चाहिए। अब यह मामला कानूनी पेचीदगियों में बुरी तरह फंसता नजर आ रहा है। सरकार के सामने अब कोर्ट जाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। गौरतलब है कि पूर्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री आगवानी तक के लिए नहीं आई और ना ही बैठक में शामिल हुई। पीएम का दौरा तूफान यास से हुए नुकसान का आकलन करना था। ओडिशा और बंगाल का दौरा तय हो जाने के बाद, दोनों मुख्यमंत्रियों को साथ ही समय बताया गया था। लेकिन ओडिशा ने उस कार्यक्रम के सभी प्रोटोकॉल का पालन किया जबकि वो पीएम के बंगाल के दौरे से पहले था। ममता बनर्जी का आरोप था कि उन्हें पीएम मोदी का इंतजार करना पड़ा। जबकि पीएम को ही ममता का इंतजार करना पड़ा। पीएम के इंतजार करने की बात तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद के ट्वीट से भी पुख्ता हुई थी। ममता बनर्जी अपने हेलीकॉप्टर से उतरकर बैठक की जगह पहुंची जो कि हेलीपैड से सिर्फ 500 मीटर दूर था। पीएम से मिलकर वो 14.35 पर वापस भी चली गयीं। इसलिए वो सिर्फ 500 मीटर चलीं और 25 मिनट में वापस चली गईं। उनका पहले वापस जाना भी प्रोटोकॉल के खिलाफ था। इसलिए बंगाल सरकार का ये दावा गलत है कि ममता ने इंतजार किया बल्कि इसके उलट पीएम को ही इंतजार करना पड़ा था।केंद्र के साथ ममता के टकराव में बड़ा पेंच शारदा चिटफंड घोटाले ने भी बढ़ाया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच कर रही सीबीआई के अधिकारी तत्कालीन कोलकाता पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार से पूछताछ के लिए पश्चिम बंगाल पहुंची थी और उसे राज्य पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पहले सीबीआई अधिकारियों को पुलिस कमिश्नर के घर घुसने नहीं दिया गया और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद खुद सीएम ममता बनर्जी पुलिस कमिश्नर के घ? पहुंचकर ध?ने पर बैठ गईं। शारदा चिट फंड घोटाले की जांच का नेतृत्व कर रहे तत्कालीन कोलकाता पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप था और इसी मामले में पूछताछ करने सीबीआई वहां पहुंची थी। वर्ष 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और बंगाल बीजेपी प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय प्रदेश का दौरा कर रहे थे कि अचानक उनके काफिले पर पत्थरबाजी की घटना सामने आई। इस पर तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बंगाल की ममता सरकार को आड़े हाथ लिया था। दूसरे राज्यों में भी गैरभाजपा सरकारें हैं, किन्तु जिस तरह का विरोध ममता सरकार की तरफ से केंद्र का किया जाता रहा है, उससे साफ जाहिर है कि संविधान में मौजद केंद्र के अधिकारों की उसे परवाह नहीं है। ममता का विरोध ज्यादातर मुद्दों पर कानूनी कम और राजनीतिक ज्यादा नजर आता है।

# टैरिफ के बावजूद वर्ष 2026 में भारत की आर्थिक विकास दर छू सकती है नई ऊचाइयां

**प्रह्लाद सबनानी**

दिनांक 1 फरवरी 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारतीय संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले बजट के पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के आर्थिक विकास से सबंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़े 7 जनवरी 2026 को जारी किए गए है। इस अनुमान के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। सकल घरेलू उत्पाद से सम्बंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़ों के आधार पर ही वर्ष 2026-27 के बजट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आर्थिक विकास से सम्बंधित द्वितीय अग्रिम अनुमान 27 फरवरी 2026 को जारी किए जाने हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान भी 7.3 प्रतिशत की वृद्धि का ही है परंतु भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग का अनुमान 7.5 प्रतिशत अथवा इससे अधिक का है। भारत की आर्थिक विकास दर विश्व के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे अधिक रहने की सम्भावना विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियन विकास बैंक (7.2 प्रतिशत), फिच नामक रेटिंग संस्थान (7.4 प्रतिशत) आदि संस्थानों ने भी व्यक्त की है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हासिल की गई 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से आगे बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के कुछ मुख्य कारणों में शामिल हैं - (1) केंद्र सरकार के स्थिर उपभोग खर्च (उदनू ईर्ग् ण्दहेल्स्जूदह जिंह्ग-ूले) में वृद्धि दर जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2.3 प्रतिशत की रही थी, वह बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (2) विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत की रही थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.0 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (3) सकल मान योग (उेदे न्र्ल्ल ग्ूदह) में वृद्धि दर का 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है; (4) सकल स्थिर पूंजी निर्माण (उेदे ईर्ग् र्ेज्रूत इदर्ेर्ूदह) में वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है; (5) सेवा एवं कृषि क्षेत्र में क्रमशः 9.1 प्रतिशत एवं 3.1 प्रतिशत की सम्भावना व्यक्त की गई है; (6) भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर का 6.3 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना होना भी शामिल है। अप्रेल 2025 से नवम्बर 2025 के खंडकाल में राजकोषीय घाटा 9.8 लाख करोड़ का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के कुल अनुमान का 62.3 प्रतिशत है, अतः बजटीय घाटा भी अभी तक नियंत्रण में ही रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का



अनुमान लगाया गया था, जो सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत होगा। इस प्रकार केंद्र सरकार की आय एवं व्यय से सबंधित स्थिति भी पूर्णतः नियंत्रण में है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 7.4 प्रतिशत के अनुमान को उत्साहवर्धक माना जाना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि दर ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद रहने वाली है। दरअसल ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ को वित्तीय बाजार में बहुत गम्भीरता से लिया जाकर इसके भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को बहुत बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया है। परंतु, वास्तव में भारत के आर्थिक विकास दर पर इसका प्रभाव लगभग नहीं के बराबर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका को भारत से होने वाले निर्यात की कम मात्रा भी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विभिन्न वस्तुओं के निर्यात हुए थे, जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। अतः भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1.85 प्रतिशत ही रहे हैं। वैसे भी भारत की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है ही नहीं (चीन की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है, इसीलिए चीन पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव अधिक हो सकता है), भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः आंतरिक उपभोग पर आधारित है। यदि भारत के नागरिक स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक सेवन करते हैं तो ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को शून्य भी किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भी भारतीय समाज को लगातार प्रेरणा दी जा रही है कि वे भारत में निर्मित उत्पादों का ही उपयोग करें ताकि भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। संघ ने पंच परिवर्तन नामक एक कार्यक्रम को प्रारम्भ किया है, जिसमें पांच बिंदु शामिल किए गए हैं - स्वदेशी का उपयोग, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन। भारत में समस्त नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इन संस्कारों में भारत के नागरिकों में 'देश प्रथम' के भाव का जागरण भी शामिल है। लोकतंत्र की सफलता और स्थिरता नागरिकों की भागीदारी और कर्तव्यों के प्रति सजगता पर निर्भर करती हैं। जब नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनका ईमानदारी से पालन करते हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं और देश की प्रगति होती हैं। समाज की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए नागरिकों की अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता तथा कटिबद्धत्ता आवश्यक है। करों का समय पर और सही राशि का भुगतान करना नागरिकों का कर्तव्य है। देश की आर्थिक प्रगति के लिए करों का उचित प्रबंधन आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक का यह भी कर्तव्य है कि वह समाज की भलाई के लिए स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास जैसी सामाजिक सेवाओं में भाग लें। किसी भी देश के नागरिक यदि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना प्रारम्भ करते हैं तो इससे देश में उद्योगों को बढ़ावा मिलता है, अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं का आयात कम होता है और देश में ही रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। स्वदेशी का मतलब विदेशी सामान इस्तेमाल नहीं करना है परंतु यह कार्य इतना आसान नहीं है क्योंकि आज विश्व के समस्त देश एक वैश्विक गांव में परिवर्तित हो गए हैं, जिसके चलते उत्पादों का एक देश से दूसरे देश में आयात एवं निर्यात बहुत आसान बन पड़ा है। आचार्य श्री विनोबा भावे जी कहते हैं स्वदेशी का अर्थ है आत्मनिर्भरता और अहिंसा। संघ ने इसमें एक बिंदु जोड़ दियाः आत्मनिर्भरता, अहिंसा और सादगी। प्रत्येक भारतीय नागरिक से अपेक्षा की जाती है कि वह मितव्ययिता से जिए ताकि संसाधनों के दुरुपयोग को रोका जा सके। परंतु, इसका आशय कंजूसी करना कदापि नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सामाजिक संगठनों के साथ ही केंद्र सरकार ने भी आर्थिक क्षेत्र में कई प्रयास किए हैं जिसके चलते हाल ही के समय में भारत की आर्थिक विकास दर में वृद्धि दर में लगातार सुधार दिखाई दिया है। विशेष रूप से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत के टैरिफ के प्रभाव को लगभग शून्य करने के उद्देश्य से भारत ने विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए हैं, इनमे विशेष रूप से शामिल हैं यूनाइटेड किंगडम, ओमान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आदि। यूरोपीयन देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौता शीघ्र ही सम्पन्न होने जा रहा है। सम्भवत 27 जनवरी 2026 को इस मुक्त व्यापार समझौते पर यूरोपीयन यूनियन एवं भारत द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। साथ ही, अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों के आयात पर लगाए गए 50 प्रतिशत के टैरिफ से प्रभावित होने वाले उत्पादों के लिए भारत ने अन्य देशों के रूप में बाजार तलाश लिए हैं एवं इन देशों को विभिन्न उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ हो चुका है जिससे नवम्बर 2025 एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। वैसे, भारत और अमेरिका के बीच भी मुक्त व्यापार समझौते को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है एवं शीघ्र ही इसकी घोषणा की जा सकती है। इसके बाद तो भारतीय उत्पादों के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत को भी कम अथवा समाप्त किया जा सकता है, इससे अन्य देशों के साथ साथ अमेरिका को भी भारत से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में और अधिक वृद्धि हासिल की जा सकेगी।

# दामोदर धर्मशाला के दुकानदारों को कर वसूली में मिली राहत

**➔ जनसुनवाई में आईं 18 शिकायतें, 11 का किया गया समाधान**

**सहजसत्ता ब्यूरो**

अयोध्या। जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव कार्यक्रम में कुल 18 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 11 का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने तुरंत समाधान कराया, जबकि सात प्रकरण गली एवं नाली निर्माण कार्य से जुड़े थे, जिसकी जांच कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान दामोदर धर्मशाला के दुकानदारों ने 3.20 लाख रुपये बकाया गृह एवं जलकर वसूली को ज्यादा करार देते हुए राहत देने की मांग की, जिस पर जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे महापौर ने वसूली रोकते हुए पुनर्मूल्यांकन कर चार किस्तों में बकाया जमा कराने की सुविधा प्रदान करने के निर्देश मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को दिए। महापौर ने घनश्याम सिंह की शिकायत पर बनवीरपुर में जल निकासी की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य मार्गों से इतर कॉलोनी एवं गलियों में सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत स्वास्थ्य विभाग को दी। इस मौके पर सड़क, नाली, गली के निर्माण, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के जल एवं सफाई को लेकर शिकायतें आईं, जिसका समयबद्ध समाधान कराने का भरोसा महापौर ने दिया।नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र संबंधी प्रकरण की जांच कर जल्द से जल्द कर जारी करने समेत समस्याओं का समाधान कराया। सहनवा से महोबारा के बीच सड़क की मरम्मत की मांग कालोनीवासियों ने की। दशरथ कुंड पर बिजली कनेक्शन न होने का मसला भी सामने आया। चौक से बजाजा के बीच अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। नुरुलहुदा ने दिल्ली दरवाजा में पेयजल समस्या से अवगत कराया, जिसका तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए गए।नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस मौके पर अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, निर्माण खंड के सहायक अभियंता भारत सिंह वर्मा आदि मौजूद थे।




## डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया बने अयोध्या के नए सीएमओ

**सहजसत्ता ब्यूरो**

अयोध्या।शासन ने स्वास्थ्य विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जालौन में तैनात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया को अयोध्या का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) नियुक्त किया है। नियुक्ति आदेश जारी होते ही जिले के स्वास्थ्य महकमे में हलचल तेज हो गई है।डॉ. भिटौरिया को एक अनुभवी, कर्मठ और अनुशासित चिकित्साधिकारी के रूप में जाना जाता है। जालौन में एसीएमओ के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों में भी सराहनीय प्रदर्शन किया। उनके कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। अयोध्या में सीएमओ के रूप में उनकी तैनाती से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया गया है कि डॉ. भिटौरिया शीघ्र ही अयोध्या पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

## भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ओम प्रकाश पाण्डेय ने किया नामांकन

बीकापुर -अयोध्या।भूमि विकास बैंक बीकापुर अध्यक्ष पद के लिए ब्लॉक के अटल बिहारी सभागार में मंगलवार को नामांकन किया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अध्यक्ष पद के लिए नामांकन संपन्न हुआ। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ओम प्रकाश पाण्डेय ने मंगलवार दोपहर 12 बजे पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं लाव लश्कर के साथ विकासखंड के नामांकन स्थल पर पहुंचकर अपना दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं चुनाव संयोजक धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, पूर्व जिला अध्यक्ष कमला शंकर पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, जिलेदार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, भरत श्रीवास्तव, अशोक पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, सभासद राजन पांडेय, मसौधा गन्ना समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह, वीरभान सिंह, समर बहादुर सिंह, अजय श्रीवास्तव, आनंद पांडेय, ओपी सिंह, प्रधान सिंह के जिला सचिव मुकुल आनंद, मेवालाल वर्मा सहित तमाम लोग शामिल रहे। नामांकन के दौरान निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार दिनेश कुमार, भूमि विकास बैंक बीकापुर के शाखा प्रबंधक विजयपाल शैलेंद्र सिंह दिनेश कुमार द्वारा नामांकन पत्र लिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। निर्धारित समय शाम 3 बजे तक सिर्फ एक ही नामांकन पत्र भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ओमप्रकाश पांडेय का दाखिल होने के चलते उनका निर्विरोध निर्वाचन होना तय हो गया है। अध्यक्ष पदके लिए अन्य कोई उम्मीदवार निर्धारित समय तक नामांकन पत्र दाखिल करने नहीं पहुंचा। निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार दिनेश कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए मात्र एक ही नामांकन पत्र ओमप्रकाश पांडेय का दो सेटों में दाखिल हुआ है। अन्य कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। नामांकन के बाद अगले दिन नामांकन पत्र की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। बताया गया कि नामांकन पत्र दाखिल करने वाले भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ओम प्रकाश पांडेय इसके पहले भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष थे। कर कॉल समाप्त होने के बाद उन्हें दोबारा भाजपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है।

## नो हेल्मेट-नो फ्यूल का उल्लंघन, दो पेट्रोल पंपों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**सहजसत्ता ब्यूरो**

अयोध्या।जिला पूर्ति अधिकारी ने गुरुवार को मै0 आर0के0बी0 लिमिटेड सहादतगंज अयोध्या एवं मै0 आशी फिलिंग स्टेशन सलारपुर, सोहावल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सेल्समैन द्वारा 'नो हेल्मेट-नो फ्यूल' की रणनीति का पालन नहीं किया जा रहा है और बिना हेल्मेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल बेचा जा रहा है।परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी डीजल-पेट्रोल पंप संचालकों को पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि चालक और सहयात्री दोनों के हेल्मेट पहनने पर ही ईंधन का विक्रय किया जाए। इस संबंध में 9 जनवरी 2025 को जोनल परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भी पंप परिसर में बड़े होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए गए थे।जिला पूर्ति अधिकारी ने नियमों के उल्लंघन पर संबंधित फर्मों को एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। तय समय में संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित पंपों के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है।




# तिरंगा यात्रा में उमड़ा युवाओं का सैलाब, देशभक्ति से गूंजा हैदरगंज

**सहजसत्ता ब्यूरो**

हैदरगंज -अयोध्या।देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत युवा ही देश की अस्मिता की रक्षा कर सकता है। आज की पीढ़ी में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करना समय की आवश्यकता है और इसके लिए युवाओं को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। यह विचार वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को हैदरगंज में आयोजित तिरंगा अभियान यात्रा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। थाना क्षेत्र हैदरगंज में बरुआ बाबा इमलिया देव स्थल से लगभग पांच किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा भारी जनसमूह के साथ निकाली गई। यात्रा को पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. प्रदीप कनौजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक दीपू मिश्रा ने की, जबकि संचालन शैलेंद्र शुक्ला ने किया।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व युवा नेता दिव्यांश सिंह, दिव्यांश पांडे उर्फ छोटू, शिवकुमार सरोज, रोहित सिंह, डॉ. श्याम बहादुर तिवारी, तूफान सिंह, गोलू सिंह, रवि दुबे, विवेक तिवारी, आशु, शिवम पांडे, विक्की दुबे, रितेश शुक्ला सहित अन्य युवाओं ने किया। सैकड़ों युवा डीजे की धुन पर देशभक्ति गीतों पर झूमते हुए भारत माता के जयकारे लगाते नजर आए।यात्रा बलरामपुर, हनुमानगढ़ी चौराहा, धोबिना चौराहा, ब्रह्म बाबा चौराहा होते हुए प्राथमिक विद्यालय हैदरगंज के मैदान पर पहुंची, जहां यह जनसभा में परिवर्तित हो गई। यहां आयोजित सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रधान संदीप तिवारी ने की तथा संचालन शैलेंद्र ने किया। सभा को मुख्य अतिथि के अलावा मंडल अध्यक्ष हैदरगंज केके तिवारी, प्रधान राजेश तिवारी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।इस अवसर पर राजा वर्मा, सियाराम सरोज, अलमास खान, विकास मिश्रा, काशिफ, विक्की सिंह, राकेश दूबे सहित सैकड़ों युवा हाथों में तिरंगा लहराते हुए मौजूद रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दरोगा श्रीपति मौर्य, कांस्टेबल सोनू, गौरव उतपेरेती सहित पुलिस बल तैनात रहा।



# सहकारी ग्राम विकास बैंक प्रतिनिधि पद के लिए संजय सिंह राजू ने किया नामांकन

**➔ एकमात्र नामांकन से निर्विरोध चुना जाना तय**

**सहजसत्ता ब्यूरो**

अयोध्या। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा अयोध्या के प्रतिनिधि पद के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी संजय सिंह राजू ने मंगलवार को मसौधा ब्लॉक कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्धारित समय तक अन्य किसी प्रत्याशी द्वारा नामांकन न किए जाने के कारण उनका निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है।नामांकन के दौरान भाजपा के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ऐसे प्रतिनिधियों का चयन आवश्यक है जो किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य करें।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सहकारी ग्राम विकास बैंक ग्रामीण विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण संस्था है, ऐसे में प्रतिनिधि का अनुभव और सामाजिक जुड़ाव अहम भूमिका निभाता है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि राजू सिंह सहकारी बैंक के माध्यम से ग्रामीण विकास और किसानों के हित में प्रभावी कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और किसानों के हितों की रक्षा के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है ।नामांकन के बाद संजय सिंह राजू ने कहा कि पार्टी नेतृत्व और सहयोगियों ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों, छोटे कर्जदारों और ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंदों को सहकारी बैंक की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, शक्ति सिंह गन्ना चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, गिरीश पांडे डिप्पुल, शंभूनाथ सिंह दीपू, मुन्ना सिंह, महंत रमेश दास, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्या, काशीराम रावत, चंद्रभान सिंह, अनुपम सिंह, दिवाकर सिंह सहित बडी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं : अजय कुमार त्रिपाठी

मिल्कीपुर -अयोध्या।शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के न्याय पंचायत देवरिया में मंगलवार को शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। पू व माध्यमिक विद्यालय करमडांडा में हुई इस बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।खंड शिक्षा अधिकारी त्रिपाठी ने शीतकालीन अवकाश के बाद विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से संपर्क साधने के निर्देश दिए। उन्होंने निपुण लक्ष्य ऐप पर शिक्षकों से निपुण लक्ष्य आकलन का अधिक से अधिक अभ्यास कराने पर भी बल दिया। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमडांडा के टीएलएम कॉर्नर का निरीक्षण किया और उससे जुड़ी विषयगत जानकारी लेते हुए विभिन्न मॉडलों और नवाचारों की सराहना किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया।बैठक को एआरपी गणित करुणेश सिंह, नोडल शिक्षक अजय गुप्ता, पूर्व एआरपी अनिल सिंह, शिक्षक संकुल सरोज बिंद, शची पूर्णा सिंह, विजय कुमार यादव और निवेदिता उपाध्याय सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन खेल अनुदेशक वकार अहमद ने किया, जबकि प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी ने इसकी अध्यक्षता की।इस अवसर पर शशि भूषण पांडेय, अभिषेक मिश्रा, वंदना श्रीवास्तव, प्रतिमा रानी श्रीवास्तव, कुमारी छाया, दिनेश वर्मा, बेनजीर बेगम, ओम प्रकाश सिंह, मोहम्मद सरवर, सुरेश श्रीवास्तव, दिनेश तिवारी, ध्रुव कुमार, इम्तियाज अहमद, डॉ धीरज, विनय कुमार, प्रीतू कुशवाहा, ममता यादव, उर्मिला यादव, पिंकी जायसवाल, रागिनी सिंह, प्रतीक्षा यादव, मीरा, पूजा यादव, उषा यादव, ललिता कुमारी, राज कुमार और बृजेश कुमार समेत बड़ी संख्या

## पत्रकार की माता का निधन, शोक

**सहजसत्ता ब्यूरो**

अयोध्या।विश्व वार्ता समाचार पत्र के जिला संवाददाता ज्ञानेंद्र मिश्रा की माता द्रौपदी मिश्रा का निधन आज सुबह उनके निजी आवास सारियावां में हो गया। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। दिवंगत माताजी का अंतिम संस्कार जमथरा घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके सबसे छोटे पुत्र ज्ञानेंद्र मिश्रा ने दी। इस दौरान परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे और गमगीन माहौल में उन्हें अंतिम विदाई दी गई।अंतिम संस्कार में पत्रकार, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग भी शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## मान्यता के आरोपों पर एडी बेसिक कौस्तुभ सिंह ने कहा बिना दस्तावेज संभव नहीं स्वीकृति

**सहजसत्ता ब्यूरो**

अयोध्या।निजी स्कूल संचालकों द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद सहायक निदेशक (बेसिक) कौस्तुभ नारायण सिंह की सफाई सामने आई है। एडी बेसिक ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बिना पूरे और वैध दस्तावेजों के किसी भी विद्यालय को मान्यता देना संभव नहीं है।एडी बेसिक ने बताया कि उदया पब्लिक स्कूल द्वारा स्थायी मान्यता के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन विद्यालय के पास अस्थायी मान्यता से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। मान्यता संबंधी समिति ने 9 जनवरी को आवेदन की जांच के बाद उसे खारिज कर दिया था। इसके बावजूद 14 जनवरी को स्कूल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर मान्यता के लिए दबाव बनाने लगे।उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय की ओर से मान्यता से जुड़े दस्तावेज एक सप्ताह पहले प्राप्त हुए थे, लेकिन उनमें पूर्व की मान्यता से संबंधित कोई भी वैध अभिलेख शामिल नहीं था। इसी कारण फाइल वापस कर दी गई।एडी बेसिक ने डॉ. चंद्र प्रकाश त्रिपाठी द्वारा लगाए गए अभद्रता और रुपये की मांग के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में कोई भी साक्ष्य उपलब्ध हो तो प्रस्तुत किया जाए, निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही एडी बेसिक ने मंडल स्तर पर अवैध और गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची तलब की है। उन्होंने कहा कि नियमों के विरुद्ध संचालित सभी गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी।

# चौक सब्जी मंडी में चला बुलडोजर, मल्टीलेवल पार्किंग के लिए हटाया गया अतिक्रमण




**सहजसत्ता ब्यूरो**

अयोध्या।कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित चौक सब्जी मंडी में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग के लिए नगर निगम द्वारा चिन्हित भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटवा दिया। यह कार्रवाई अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और सिटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई।प्रशासन के अनुसार चौक क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए चिन्हित जमीन पर अतिक्रमण हटाना आवश्यक था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।कार्रवाई के समय क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयस त्रिपाठी, नगर कोतवाल अयोध्या अश्वनी पाण्डेय सहित नगर निगम और विकास प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर के विकास कार्यों में बाधा बनने वाले अवैध अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कोतवाली नगर पुलिस ने वांछित अभियुक्त आकाश बदमाश उर्फ आकाश यादव को किया गिरफ्तार

**सहजसत्ता ब्यूरो**

अयोध्या। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अयोध्या पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली नगर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्विनी पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शेषनाथ सिंह, प्रभारी चौकी देवकाली, पुलिस बल के साथ चौकी क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त आकाश बदमाश उर्फ आकाश यादव डॉ. कृतान्त सिंह की बाउंड्री वाल के पास मौजूद है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पूछताछ की। उसने अपना नाम आकाश बदमाश उर्फ आकाश यादव पुत्र स्वर्गीय रामलौट यादव, निवासी चांदपुर हरवंशपुर, थाना पूराकलंदर, जनपद अयोध्या, उम्र करीब 19 वर्ष बताया।पुलिस ने अभियुक्त को उसके अपराध से अवगत कराते हुए समय करीब 12:45 बजे माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए हिरासत में लिया। इसके बाद अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।

# सीआईएसएफ लेगा 52 तटीय गांवों को गोद

**श्री शिखर सहाय, IG/NES-II HQ कोलकाता, श्री के. पी. सिंह, DIG/NEZ-II, श्री अजय कुमार, DIG/CASO, अधिकारियों, स्टाफ और मीडिया की उपस्थिति में कोलकाता एयरपोर्ट पर CISF कोस्टल साइक्लोथॉन 2026 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई आयोजित**

**श्री सैकत कुमार बसु**








कोलकाता 19.01.2026 को 1200 से 1300 बजे तक ASG कोलकाता एयरपोर्ट के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, ताकि मीडिया को CISF कोस्टल साइक्लोथॉन 2026 के बारे में जानकारी दी जा सके और इसके महत्व पर प्रकाश डाला जा सके, जो 28 जनवरी से 22 फरवरी 2026 तक 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता श्री शिखर सहाय, IG/NES-II HQ कोलकाता ने की, जिसमें श्री के. पी. सिंह, DIG/NEZ-II, और श्री अजय कुमार, DIG/CASO, श्री दिनेश्वर टोंगब्रम, कमांडेंट, ASG कोलकाता, और डिप्टी कमांडेंट, ASG कोलकाता श्री मयंक सिंह (जो कार्यक्रम का समन्वय करने वाले एक शानदार एंकर भी थे) उपस्थित थे। विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों के कुल 47 मीडियाकर्मी ब्रीफिंग में शामिल हुए। श्री शिखर सहाय, IG/NES-II HQ कोलकाता ने मीडिया को संबोधित किया, जो इस प्रकार हैः -CISF कोस्टल साइक्लोथॉन 2026, 28 जनवरी 2026 से शुरू होने वाला है। साइक्लोथॉन 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत' (Secure Shores, Prosperous India) की थीम पर आधारित है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए भारत की लंबी तटरेखा की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करता है। कुल 130 CISF साइकिल चालक (65 पुरुष और 65 महिलाएं) भाग लेंगे, जो तटीय समुदायों, युवाओं, छात्रों और हितधारकों के साथ जुड़ेंगे। यह पहल देशभक्ति, तटीय और पारिस्थितिक सुरक्षा, और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देगी, साथ ही मछली पकड़ने वाले समुदायों के साथ जहाज पंजीकरण, समुद्री सीमा जागरूकता, ट्रैकिंग सिस्टम, नशीली दवाओं के खतरे, तस्करी, और 24×7 SAR हेल्पलाइन (1554) के बारे में जागरूकता जैसे मुद्दों पर बातचीत करेगी। साइक्लोथॉन ऑपरेशन सजग, कोस्टल पुलिस के साथ कम्युनिटी पुलिसिंग, और माननीय प्रधानमंत्री के SAGAR (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के विज़न सहित प्रमुख सरकारी पहलों के साथ जुड़ा हुआ है, और साथ ही विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्यों में भी योगदान दे रहा है। आउटरीच के हिस्से के रूप में, CISF 52 तटीय गांवों को गोद लेगा, सुरक्षा बलों में करियर के अवसरों के बारे में जागरूकता फैलाएगा, और मजबूत महिला भागीदारी के माध्यम से युवाओं, विशेष रूप से लड़कियों को प्रेरित करेगा, यह बताते हुए कि सुरक्षित तटरेखाएं व्यापार, मत्स्य पालन, पर्यटन और बंदरगाह-आधारित विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। साइक्लोथॉन को 28 जनवरी 2026 को एक साथ लखपत, गुजरात (पश्चिमी तट) और बक्खाली, पश्चिम बंगाल (पूर्वी तट) से हरी झंडी दिखाई जाएगी, जिसमें दोनों रास्ते कोच्चि में मिलेंगे और समाप्त होंगे। माननीय गृह राज्य मंत्री नई दिल्ली से वर्चुअली इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाएंगे। 1.पूर्वी मार्ग (3,061 किमी): बक्खाली - हल्दिया - कोणार्क - पारादीप - विशाखापत्तनम - चेन्नई - पुडुचेरी - कोच्चि 2. पश्चिमी मार्ग (3,497 किमी): लखपत - द्वारका - दमन - कोलाड - मुरुदेश्वर - मंगलुरु - तिरूर - कोच्चि CISF कोस्टल साइक्लोथॉन को सिर्फ एक साइकिलिंग कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में देखा जा रहा है। आम जनता मार्ग के किसी भी हिस्से में शारीरिक रूप से भाग ले सकती है। जो लोग व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो सकते, वे www.cisf.gov.in पर रजिस्टर करके वर्चुअली भाग ले सकते हैं। नियोजित गतिविधियों में शामिल हैंः 1.स्कूली बच्चों और NCC कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 2.तटीय सुरक्षा, तस्करी रोकथाम और पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता अभियान 3.स्वच्छ भारत अभियान गतिविधियाँ, वृक्षारोपण अभियान और सामुदायिक बातचीत 4.CISF कर्मियों द्वारा पारंपरिक नृत्य, देशभक्ति नाटक और प्रदर्शन कोच्चि में एक भव्य समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, प्रदर्शन और साइकिल चलाने वालों का स्वागत करने के लिए एक समापन समारोह होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस 1300 बजे समाप्त हुई, जिसके बाद हाई-टी सत्र हुआ। मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि वे इस संदेश को व्यापक रूप से फैलाएं ताकि सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके और इस अनूठी और सार्थक पहल का राष्ट्रव्यापी प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।




अंश -28

## 'अंतर्मन की गाँठें'

अगर आपकी शांति इस बात पर निर्भर है कि सब कुछ सही हो, तो वह शांति नहीं, नियंत्रण है। अनिश्चितताओं में भी स्थिर रहना सीखिए। यही असली विकास है।

भैया को रिपोर्ट भेज दी थी, उन्हें तो पता था। लेकिन माँ और बहनों को क्या कहें? बेटे-बेटी को बताना भी ज़रूरी था।

घर लौटते वक़्त मैं गहरी सोच में डूबी थी। किसी जल्दी में नहीं थी घर पहुँचने की। रास्ते में सब्ज़ी मंडी दिखी, हम कुछ फल और सब्ज़ियाँ लेने रुक गए।

टमाटर जो कुछ दिन पहले ?200-?250 किलो बिक रहे थे, वहाँ ?120 किलो मिल रहे थे। अपना दुख-दर्द भूलकर दो किलो ताज़े टमाटर खरीद लिए जिससे क्षणिक आनंद मिला।

घर पहुँची, बेटी को बुलाया और कहा, 'चलो मंदिर चलते हैं।' हमारी कॉलोनी में शिवजी और हनुमानजी का एक छोटा, सुंदर मंदिर है।

बेटी आनाकानी करने लगी, 'पहले बताओ डॉक्टर ने क्या कहा?'

मैंने कहा, 'पहले मंदिर चलते हैं, फिर बताऊँगी।'

'बोलो नाष्ठ, क्या कहा?' उसने फिर पूछा।

मैंने कहा, 'बस इतना कि तुम्हारी माँ भी दुनिया की एक प्रसिद्ध अभिनेत्री जैसी बनने जा रही है।'

'कौन?', उसने उत्सुकता से पूछा।

'तुम खुद पता करोष्ठ।'

उसने फेमस एक्ट्रेस ढूँढना शुरू किया, उसमें दीपिका पादुकोण का नाम आया। उत्सुकता से वह बोली, 'आप दीपिका पादुकोण बन रही हो?'



सुरेखा साहू

'नहींष्ठ, दुनियां की बेस्ट अभिनेत्री और आगे सर्च करो।'

मंदिर की तरफ़ चलते-चलते, वो अपने मोबाइल पर सर्च कर रही थी। तभी तेजी से बोली, 'एंजेलीना जोली?'

'हाँष्ठ, एंजेलीना जोली।'

वह चुटकी लेते हुए बोली, 'क्या आप ब्रैड पिट से शादी कर कर रही हो?'

मैंने झिड़कते हुए कहा, 'तेरे पापा ब्रैड पिट से कम हैं क्या? बस बाल थोड़े कम हैं।'

'फिर क्याष्ठ?'

मैंने उसे और खोजने को कहा, 'देखो उसने क्या विशेष किया है।' डॉक्टर साहब की बात सीधे उसे बताने की मुझ में हिम्मत नहीं थी।

मेरी तबीयत को लेकर वह वैसे ही बहुत परेशान रहती थी। हमारे क़दम मंदिर की ओर बढ़ते जा रहे थे और साथ ही मोबाइल में उसकी खोज भी जारी थी।

मंदिर पहुँचकर, मैंने घंटी बजाई और भगवान जी के सामने हाथ जोड़कर खड़ी हो गई। तभी ऐसा लगा जैसे किसी ने पीछे से बहुत ज़ोर से पकड़ लिया हो।

वो मेरी बेटी थी। उसने मुझे कसकर पकड़ लिया और रोने लगी। उसने एंजेलीना जोली की मैस्टेक्टमी के बारे में पढ़ लिया था।

मैंने कहा, 'छोड़ो बेटा, कोई देख लेगा।'

उसने और कसकर पकड़ लिया। हम माँ-बेटी एक-दूसरे को गले लगाकर कुछ देर वहीं खड़े रोते रहे।

मंदिर दर्शन कर, घर पहुँचे तो बहुत देर तक वो मेरे पास ही बैठी रही और मेरा हालचाल पूछती रही।

क्रमशः

**सुरेखा साहू पेशे से एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और भारतीय रेलवे की वरिष्ठ अधिकारी हैं। साथ ही वे एक लेखिका, कवयित्री और प्रेरक वक्ता भी हैं। यह अंश उनकी पुस्तक 'अंतर्मन की गाँठें -डक्टल कार्सिनोमाः संघर्ष और सहयोग की गाथा' से लिया गया है, जो Amazon पर उपलब्ध है। ईमेलः surekhasahu0902@gmail.com**

## लखनऊ और रायपुर के मध्य चल सकती है वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस

रायपुर।निकट भविष्य में वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन रायपुर से लखनऊ के बीच चल सकती है। गरीब रथ ट्रेन के भी फेरे बढ़ सकते हैं। लखनऊ से रायपुर के बीच इस समय हफ्ते में दो दिन चल रही गरीब रथ को चलवाने में मेरा भी योगदान रहा है। बेतवा एक्सप्रेस को भी दुर्ग से लखनऊ के बीच चलाया जा सकता है। इन तीन ट्रेनों की यह बात रायपुर में दक्षिणी पूर्वी मध्य रेलवे के सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी जी से बातचीत के दौरान निकली और उन्होंने मेडल देकर शाल पहनाकर मेरा सम्मान भी किया। संभावित वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन रात्रिकालीन हो सकती हैं।लखनऊ से रायपुर की दूरी एक हजार किलोमीटर है और अभी हफ्ते में सोमवार तथा गुरुवार को लखनऊ रायपुर के मध्य 22 बोगी वाली वातानुकूलित गरीब रथ ट्रेन संचालित हो रही है।यह ट्रेन अगले दिन मंगलवार-शुक्रवार को रायपुर से लखनऊ के लिए जाती है। अभी ट्रैफिक 93 में 97 के बीच है।दुर्ग से कानपुर जाने वाली बेतवा एक्सप्रेस ट्रेन का रेवेन्यू ट्रैफिक गरीब रथ ट्रेन के मुकाबले काफी कम है। अक्सर काफी सीटें खाली रह जाती है। ऐसे में लखनऊ में जैसे ही वाशिंग लाइन का इजाफा होता है तो इस ट्रेन को लखनऊ तक विस्तार किया जा सकता है।चूंकि लखनऊ और रायपुर के बीच रोजाना कोई ट्रेन नहीं है और यह दूरी को नापने में गरीब रथ ट्रेन को 18 घंटे से भी ज्यादा समय लग जाता है। यदि वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन रोजाना दो जोड़ी चलती है तो 120-140 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से दस से बारह घंटे में यात्री रायपुर से लखनऊ पहुंच जाया करेंगे। इन दिशाओं में पूर्वोत्तर रेलवे और दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे विचार कर रहा है। उम्मीद है कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को कोई शुभ समाचार इस दिशा में मिले। दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे के सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी जी से हुई बातचीत से यह निष्कर्ष निकला है।



## त्रिवेणी क्लब ए ने जीता उद्घाटन मुकाबला

**आयु का हरफनमौला खेल, आयुष की गेंदबाजी व्यर्थ**

प्रयागराज। आयु पांडेय के हरफनमौला खेल की बदौलत त्रिवेणी क्लब ए ने भवम क्लब को 71 रन से हराकर एएस हनुमानगंज कप अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। पराजित टीम के आयुष त्रिपाठी की अचूक गेंदबाजी (6-0-35-5) व्यर्थ हो गयी।एएस क्लब हनुमानगंज मैदान पर मंगलवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में टॉस जीतकर त्रिवेणी क्लब ए ने 29.3 ओवर में 226 रन (अद्विक 46, दिव्यम 39, अंश 38, आयु पांडेय 32, आयुष त्रिपाठी 5-35, शिवम यादव 2-37, ध्रुव व रूद्र सिंह एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में भवम क्लब की टीम 28.3 ओवर में 155 रन (आदित्य राज सक्सेना 47, प्रिंस सरोज 36, शिवम यादव 28, आयु पांडेय 4-21, अर्पित पाल 3-19, मनु यादव, आर्यन व अथर्व एक-एक विकेट) पर सिमट गई। आयु पांडेय को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन एनआईएस क्रिकेट प्रशिक्षक परवेज आलम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। एनआईएस क्रिकेट कोच असलम अंसारी विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजन सचिव अशफाक अहमद दोनों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। इस मौके पर मोहम्मद जावेद, रवि सिंह, जमील (दादा), शाहिद, गोलू, नसीम अंसारी, अबुजर अंसारी, जाहिद शेख, अंकित यादव, शिवांश जायसवाल, अमन और अंशु विश्वकर्मा मौजूद रहे।



## सेलिब्रिटी म्यूज़ तारा सुतारिया के साथ कोलकाता में कंटेंपरेरी लाइफस्टाइल ब्रांड 'सेनेस' की हुई धमाकेदार लॉन्चिंग

सेनको हाउस का नया कंटेंपरेरी लाइफस्टाइल बहुप्रतीक्षित ब्रांड 'सेनेस' की शानदार और हाई-एनर्जी लॉन्च पार्टी के साथ कोलकाता में धमाकेदार लॉन्चिंग की गई। इस बेहतरीन शाम को ब्रांड म्यूज़ और बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया की मौजूदगी ने और भी खास बना दिया, जिन्होंने कॉन्शियस, न्यू-एज लग्जरी के इस सेलिब्रेशन में ग्लैमर और स्टार पावर को जोड़ा।सेनको हाउस से सेनेस रिच क्राफ्ट्समैनशिप की विरासत से प्रेरणा लेता है, साथ ही सस्टेनेबिलिटी, जिम्मेदारी और रिफाइंड डिज़ाइन के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के माध्यम से आधुनिक लग्जरी को फिर से परिभाषित करता है। सेनेस के एलजीडी (लैब-ग्रोन डायमंड) प्रोडक्ट्स सस्टेनेबल लग्जरी, इको-फ्रेंडली इनोवेशन और एक नए जमाने के नज़रिए को दर्शाते हैं, जबकि इसकी लेदर रेंज जिम्मेदार सोर्सिंग और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं पर आधारित है। इसके अलावा, परफ्यूम कलेक्शन को रिफाइंड सेंसरी अनुभवों को जगाने के लिए तैयार किया गया है, जो इस ब्रांड के अत्याधुनिक, जागरूक दृष्टिकोण को दर्शाता है - यह ब्रांड नैतिकता और सुंदरता को सहजता से एक साथ लाता है।कोलकाता में आयोजित लॉन्चिंग पार्टी में इंडस्ट्री के लीडर्स, फैशन से जुड़े लोग, मीडिया और शहर के जाने-माने टेस्टमेकर्स एक साथ आए, ताकि इस बेहतरीन शाम में एक ऐसे ब्रांड का अनुभव मिल सके जो सेनेस की माइंडफुल लग्जरी की भावना को दर्शाता है। काफी सोच-समझकर तैयार किए गए इसके डिस्प्ले से लेकर कंटेंपरेरी डिज़ाइन नैरेटिव तक, इस इवेंट ने यह दिखाया कि, ब्रांड स्टाइल या क्राफ्ट्समैनशिप से समझौता किए बिना आज के जागरूक कंज्यूमर की ज़रूरतों को कैसे पूरा किया जा सकता है।इस मौके पर अभिनेत्री तारा सुतारिया ने ब्रांड के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बताते हुए कहा कि, जिस चीज़ ने मुझे सच में सेनेस की ओर आकर्षित किया, वह है सस्टेनेबिलिटी के प्रति इसकी प्रतिबद्धता, साथ ही सहजता से स्टाइलिश बने रहना। यह नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे बेहद विचारशील, जिम्मेदार और खूबसूरती से तैयार की गई है। मुझे ऐसे ब्रांड का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है जो डिज़ाइन और उद्देश्य दोनों को महत्व देता है।इधर, कोलकाता में लॉन्चिंग मौके पर, जोइता सेन (डायरेक्टर, हेड ऑफ मार्केटिंग एंड डिज़ाइन्स, हाउस ऑफ सेनको) ने कहा, 'सेनेस' आधुनिक लग्जरी की एक अभिव्यक्ति है, जो जिम्मेदारी और क्राफ्ट्समैनशिप में गहराई से निहित है। कोलकाता में इस लॉन्च के साथ, हम एक ऐसा अनुभव बनाना चाहते थे जो ब्रांड की आत्मा को दर्शाता हो - जहाँ सस्टेनेबल इनोवेशन, कंटेंपरेरी डिज़ाइन और विचारशील कहानी एक साथ आते हैं। यह लॉन्चिंग पार्टी सेनेस की कॉन्शियस एलिगेंस की भावना को दर्शाने के लिए तैयार किया गया था, जो एक नए जमाने की लग्जरी ब्रांड का जश्न मनाता है। यह आज के जागरूक कंज्यूमर के साथ जुड़ता है, साथ ही हाउस ऑफ सेनको की विरासत को भी आगे बढ़ाता है। उन्होंने आगे कहा कि कोलकाता लॉन्च पार्टी सिर्फ़ एक नए स्टोर या मार्केट में एंट्री का जश्न नहीं है, बल्कि इनोवेशन, ट्रांसपेरेंसी और टाइमलेस एस्थेटिक्स से प्रेरित कॉन्शियस की दिशा में एक बड़े मूवमेंट का जश्न है।सेनेस के साथ, हाउस ऑफ सेनको अपनी विरासत को पारंपरिक कैटेगरी से आगे बढ़ा रहा है, और ऐसे सोच-समझकर डिज़ाइन किए गए प्रोडक्ट पेश कर रहा है, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक और स्टाइल-फॉरवर्ड कस्टमर्स को पसंद आएंगे। कोलकाता में इस ब्रांड की लॉन्चिंग भारत में सस्टेनेबल लग्ज़री के भविष्य का नेतृत्व करने के सेनेस के विज़न में यह एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। सेनेस के बारे मेंः सेनेस, हाउस ऑफ सेनको का नए ज़माने का लाइफस्टाइल ब्रांड है, जो सस्टेनेबिलिटी, एथिकल सोर्सिंग और कंटेम्परारी डिज़ाइन के स्तंभों पर बना है। जिसे एलजीडी, ज़िम्मेदारी से बनाए गए लेदर, और सोच-समझकर चुने गए परफ्यूम कलेक्शन के साथ जो रिफाइंड सेंसोरियल को दिखाता है, सेनेस, लग्ज़री लाइफस्टाइल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है, जो जागरूक, एलिगेंट और कारीगरी की विरासत में निहित है।






# टैरिफ तनाव के बीच दावोस में बोले स्कॉट बेसेंट, यूरोप के साथ अमेरिका के संबंध मजबूत

दावोस (एजेन्सी)।अमेरिका और यूरोप के संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री (ट्रेजरी सेक्रेटरी) स्कॉट बेसेंट ने मंगलवार को कहा कि यूरोप के साथ अमेरिका के रिश्ते मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने व्यापारिक साझेदारों से अपील की कि वे गहरी सांस लें और ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप प्रशासन की नई टैरिफ धमकियों से पैदा हुए तनाव को शांत होने दें।बेसेंट ने यह बात स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमारे संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हैं।' शनिवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने आठ यूरोपीय देशों से आने वाले सामान पर फरवरी से दस प्रतिशत आयात टैक्स लगाने का एलान किया




था।इन देशों ने ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की मांग के खिलाफ डेनमार्क का साथ दिया था। ट्रंप का कहना है कि चीन और रूस से खतरे को देखते हुए सुरक्षा कारणों से अमेरिका को इस इलाके की जरूरत है। ट्रंप की इन धमकियों से पूरे यूरोप में गुस्सा है और राजनयिक हलचल तेज हो गई है। यूरोपीय नेता जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इसमें जवाबी टैरिफ और यूरोपीय संघ के 'एंटी-कोर्सियन इंस्ट्रूमेंट' का पहली बार इस्तेमाल शामिल हो सकता है।अमेरिका पर दबाव बनाने के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के पास तीन मुख्य आर्थिक हथियार हैं। पहला- नए टैरिफ लगाना, दूसरा- अमेरिका-ईयू व्यापार समझौते को रोकना, और तीसरा- ट्रेड बजूका, जो ब्लॉक का एक खास नियम (एंटी-कोर्सियन इंस्ट्रूमेंट) के लिए लिए अनौपचारिक शब्द है। यह उन व्यक्तियों या संस्थानों पर प्रतिबंध लगा सकता है जो ईयू पर अनुचित दबाव डालते पाए जाते हैं।

# चीनी में भारत ने गाड़े झंडे

## उत्पादन 22 प्रतिशत बढ़कर हुआ 1.59 लाख टन

नई दिल्ली (एजेन्सी)। गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार के चलते भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 1.59 करोड़ टन हो गया है।उद्योग संगठन इस्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय चीनी एवं बायो-ऊर्जा विनिर्माता संघ ने एक बयान में कहा कि पिछले साल इसी अवधि में उत्पादन 1.3 करोड़ टन था।इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी। देश में चीनी का सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 प्रतिशत बढ़कर 64.5 लाख टन हो गया।उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन हो गया। कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर 27.5 लाख टन से बढ़कर 31 लाख टन हो गया।इस्मा ने कहा, ''गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता, बेहतर पैदावार और गन्ने की बढ़ती कीमतों और चीनी की कीमतों में गिरावट से मिलों की वित्तीय स्थिति खराब हो रही है और किसानों को गन्ने के भुगतान में देरी हो रही है।इस्मा ने बताया



प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में सुचारू कामकाज के कारण 2025-26 के सत्र में भारत के चीनी क्षेत्र ने अब तक स्थिर प्रगति की है।''हालांकि, उद्योग निकाय ने चेतावनी दी कि कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में मिलों से निकलने वाली चीनी की कीमतें गिरकर लगभग 3,550 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई हैं, जो उत्पादन लागत से काफी कम है।

# बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में पोलैंड

➔ **उप-प्रधानमंत्री बोले- भारत से सहयोग को तैयार**

नई दिल्ली (एजेन्सी)।पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है



कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है। भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया।दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिकोरस्की ने कहा जब दुनिया के कुछ हिस्सों से हमें बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ता है, तब हम नए व्यापारिक साझेदार तलाशते हैं। भारत ने हमारे साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है। हमें दुनिया को यह दिखाना होगा कि आज भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं।गौरतलब है कि पिछले वर्ष अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच हुए एक व्यापार समझौते के तहत अधिकांश यूरोपीय संघ उत्पादों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। पोलैंड, जो यूरोपीय संघ का सदस्य है, इस फैसले से प्रभावित हुआ है। ऐसे में भारत जैसे उभरते बाजार पोलैंड के लिए अहम साझेदार बनकर सामने आ रहे हैं।सूत्रों के अनुसार, भारत-ईयू एफटीए को अंतिम रूप 27 जनवरी को होने वाले 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान दिया जा सकता है। इस अवसर पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत दौरे पर रहेंगी।

# अमेरिका में भीषण बर्फीला तूफान, मिशिगन में इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा वाहन टकराए; कई घायल

मिशिगन (एजेन्सी)।अमेरिका के मिशिगन राज्य में ग्रेट लेक्स क्षेत्र से आए भीषण बर्फीले तूफान ने भारी तबाही मचाई। सोमवार सुबह इंटरस्टेट-196 पर करीब 100 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए या सड़क से फिसलकर बाहर चले गए। यह हादसा ग्रैंड रैपिड्स के पास हडसनविल इलाके में हुआ। राज्य पुलिस के अनुसार, इस दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं, हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी की मौत की सूचना नहीं मिली है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ओटावा काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि सड़क पर कई वाहन फिसलकर पलट गए और कई ट्रक जैक-नाइफ स्थिति में फंस गए। हाईवे पर फंसे यात्रियों को बसों के जरिए हडसनविल हाई स्कूल पहुंचाया गया, जहां वे अपने परिजनों से संपर्क कर सके या वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था कर इंटरस्टेट-196 को दोनों दिशाओं में बंद कर दिया। राहत और बचाव करनी पड़ी। हादसे में 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक भी शामिल थे।



पाए।इस बड़े हादसे के बाद मिशिगन स्टेट पुलिस ने सुरक्षा कारणों से कार्य में जुटी टीमों को सड़क से वाहनों को हटाने में काफी मशक्कत अधिकारियों का कहना है कि सफाई कार्य के चलते इंटरस्टेट-196 को कई घंटों तक बंद रखा जा सकता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचें।यह हादसा उस बड़े शीतकालीन तूफान का हिस्सा है, जो पूरे अमेरिका में फैल रहा है। नेशनल वेदर सर्विस ने उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कॉन्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क तक कड़ाके की ठंड और बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। एक दिन पहले बर्फबारी फ्लोरिडा पैनहैंडल तक पहुंच गई थी, जबकि मैसाचुसेट्स और शिकागो में फुटबॉल प्लेऑफ मैचों के दौरान खिलाड़ियों को गेंद पकड़ने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि उत्तर-मध्य फ्लोरिडा और दक्षिण-पूर्व जॉर्जिया में मंगलवार तक अत्यधिक ठंड पड़ सकती है।

# ग्रीनलैंड के साथ कनाडा-वेनेजुएला पर अमेरिकी झंडा, ट्रंप ने नए पोस्ट ने मचाया हड़कंप

नई दिल्ली (एजेन्सी)।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वे अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ हैं और अमेरिकी ध्वज में कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया है। तस्वीर में ट्रम्प ओवल ऑफिस में बैठे हुए हैं, उनके साथ नाटो के नेता भी हैं, जिनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, इटली की जॉर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल हैं। एक पोस्ट में ट्रंप को उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ग्रीनलैंड में अमेरिकी ध्वज फहराते हुए देखा जा सकता है, जिस पर एक माइलस्टोन लगा है जिस पर लिखा है, ग्रीनलैंड अमेरिकी क्षेत्र, स्थापना 2026। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के तुरंत बाद, ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका दक्षिण अमेरिकी देश को तब तक अपने अधीन रखेगा जब तक कि हम एक सुरक्षित, उचित




और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं कर लेते। बाद में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने 8 जनवरी को इस रुख को दोहराते हुए कहा ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। जाहिर है, इस समय वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारियों पर हमारा पूरा प्रभाव है... उनके फैसले संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा निर्देशित होते रहेंगे। पिछले साल ट्रंप ने सुझाव दिया था कि कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य बने। चुनाव जीतने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मई में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप के इस सुझाव को सिरे से खारिज कर दिया था कि कनाडा अमेरिका का 51वां राज्य बने। उन्होंने कहा था, इच्छाओं और वास्तविकता में अंतर करना महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर नाटो के महासचिव मार्क रुट्टे से टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि वे दावोस में कई पक्षों से मिलेंगे। उन्होंने ग्रीनलैंड पर अपने रुख को दोहराते हुए इसे अमेरिकी और विश्व सुरक्षा के लिए अभिन्न अंग बताया।अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र ग्रीनलैंड को अधिग्रहित करने के कदम के बाद बढ़ते तनाव के बीच, उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) द्वारा यह कहे जाने के कुछ घंटों बाद ट्रंप का यह बयान आया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ग्रीनलैंड के एक महत्वपूर्ण सैन्य अड्डे पर विमान तैनात करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) के अनुसार, विभिन्न दीर्घकालिक नियोजित गतिविधियों में सहयोग के लिए विमान जल्द ही पिटुफिक स्पेस बेस पर पहुंचेंगे।

# सोना-चांदी आम आदमी की पहुंच से दूर

नई दिल्ली (एजेन्सी)।दुनिया में चल रहे राजनीतिक और आर्थिक तनाव का असर अब आम लोगों की जेब पर भी दिखने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ी अनिश्चितता के बीच लोग सोना-चांदी को सुरक्षित निवेश मानकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे इनके दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि चांदी ने पहली बार इतिहास में 3 लाख रुपये प्रति किलो का आंकड़ा पार कर लिया।चांदी की कीमतों में मंगलवार को रिकॉर्ड तोड़ उछाल जारी रहा और यह 3.2 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच गई, जबकि सोने के वायदा भाव में भी तेजी आई और यह 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर, मार्च डिलीवरी के लिए चांदी के वायदा भाव में 9,674 रुपये या 3.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 3,19,949 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।सोमवार को भारत में चांदी 3,10,000 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई, जबकि सोना भी नए ऊंचे स्तरों पर कारोबार करता दिखा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ([illegible]) पर सोना 1,47,757 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 3,10,151



रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। यानी अब आम आदमी के लिए सोना-चांदी खरीदना पहले से कहीं ज्यादा महंगा हो गया है।सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव 1,46,250 रुपये प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 1,34,060 रुपये और 18 कैरेट सोना 1,09,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं चांदी की कीमत भी 3,05,100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुकी है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। कॉमेक्स पर आज सोना $4,669.40 प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा, जबकि चांदी का भाव $93.400 प्रति औंस रहा। इससे पहले सोमवार को सोना $4,672.50 प्रति औंस और चांदी $94.065 प्रति औंस के स्तर तक पहुंच गई थी।

# अब चांद की जानलेवा धूल नहीं बनेगी अंतरिक्ष यात्रियों के लिए समस्या

➔ **नासा ने विकसित की नई प्रणाली**


नई दिल्ली (एजेन्सी)।चांद पर कदम रखते ही जो धूल कभी अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सबसे बड़ा खतरा मानी जाती थी, अब वही



धूल जल्द ही अतीत बन सकती है। अपोलो मिशन के दौर में स्पेससूट खराब करने, उपकरणों को जाम करने और फेफड़ों तक को नुकसान पहुंचाने वाली चंद्र धूल से निपटने के लिए नासा ने एक नई, अत्याधुनिक तकनीक विकसित कर ली है। यह तकनीक बिजली की मदद से धूल को सतहों से दूर उड़ा देती है।नासा अब इस प्रणाली को और बेहतर बनाने में जुटा है, ताकि आर्टेमिस मिशन के तहत चांद पर लंबे समय तक रहने, अधिक वैज्ञानिक प्रयोग करने और स्थायी मौजूदगी की राह आसान हो सके। नासा की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के अनुसार चांद की सतह पर मौजूद धूल साधारण मिट्टी नहीं है। यह अरबों साल पुराने ज्वालामुखीय पत्थरों और कांच के बेहद महीन, नुकीले कणों से बनी है, जो माइक्रो मीटियोराइट टक्करों से टूट-टूटकर तैयार हुए हैं। यह धूल हल्की सी हलचल या विकिरण मिलने पर विद्युत आवेशित हो जाती है और हवा में तैरने लगती है।यही कारण है कि यह अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेससूट, औजारों और उपकरणों से गोंद की तरह चिपक जाती है।अपोलो मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों ने इस धूल को सांस के साथ अंदर लिया, जिससे उन्हें सांस संबंधी गंभीर दिक्कतें हुईं, जिन्हें 'लूनर हे फीवर' कहा गया। नासा के रिकॉर्ड के अनुसार, यह धूल वैक्यूम सील, स्पेससूट के जूते और अन्य जरूरी उपकरणों को तेजी से खराब कर देती थी।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

नई दिल्ली (एजेन्सी)।हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट की दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1065.71 अंक या 1.28 प्रतिशत गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 1,235.6 अंक या 1.48 प्रतिशत गिरकर 82,010.58 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 353.00 अंक या 1.38 प्रतिशत गिरकर 25,232.50 पर बंद हुआ।बाजार में जारी गिरावट के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के निवेशकों की संपत्ति को बड़ा झटका लगा। दिनभर के कारोबार में बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब नौ लाख करोड़ रुपये घट गया। यह गिरावट साल की शुरुआत से जारी कमजोरी को और गहरा करती है। वर्ष की शुरुआत से अब तक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियां कुल मिलाकर ?20




लाख करोड़ से अधिक के मार्केट कैप का नुकसान झेल चुकी हैं।शेयर बाजार में आज आई तेज गिरावट के पीछे कई अहम वजहें रहीं, जिनका सीधा असर निवेशकों की धारणा पर पड़ा। इन्हें इस तरह भी समझा जा सकता है,अमेरिका की टैरिफ नीतियों को लेकर अनिश्चितता और अमेरिका-यूरोप के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव ने वैश्विक बाजारों में बेचैनी बढ़ा दी।विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक ही दिन में 3,262 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिकवाली की। यह लगातार दसवां सत्र रहा जब एफआईआई बाजार से बाहर निकले।विप्रो जैसी दिग्गज कंपनियों के निराशाजनक नतीजों और कमजोर आउटलुक ने आईटी शेयरों पर दबाव बनाया। शुरुआती तीसरी तिमाही के नतीजे उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।एशियाई शेयर बाजारों में कमजोरी और अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स में 1इ से ज्यादा की गिरावट ने घरेलू निवेशकों का भरोसा डगमगा दिया।बाजार की अस्थिरता दिखाने वाला इंडिया [illegible] 4इ से अधिक चढ़कर 12.34 पर पहुंच गया, जो बढ़ते डर और अनिश्चितता का संकेत है। इंडिया [illegible] एक मार्केट इंडिकेटर है जो अगले 30 दिनों में निफ्टी 50 इंडेक्स की अपेक्षित अस्थिरता को मापता है। डॉलर की मजबूत मांग और विदेशी पूंजी के बाहर जाने से रुपया 7 पैसे टूटकर 90.97 के स्तर पर आ गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक विपिन मिश्र द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए, बेली रोड, नया कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, ए 24 पत्रकार कालोनी, अशोक नगर, प्रयागराज 211001 से प्रकाशित। संपादक- विपिन मिश्र। आर.एन.आई.नं. यूपीएचआईएन/2008/25686, मो0- 9415218698,
Email : sahajsatta@rediffmail.com, sahajsatta77@gmail.com। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत के खिलाफ पाकिस्तान-बांग्लादेश का गठजोड़, पीसीबी ने रोकी तैयारी

नई दिल्ली (एजेन्सी)।आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 से पहले, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत में खेलने के बांग्लादेश के बहिष्कार के फैसले का समर्थन करते हुए अपनी टीम की तैयारियों को रोक दिया है। जियो न्यूज के अनुसार, भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टी20 टूर्नामेंट के लिए पीसीबी ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस रिपोर्ट की पुष्टि करते हुए कोई बयान जारी नहीं किया है।हाल ही में, बांग्लादेश में चल रहे अल्पसंख्यक उत्पीड़न के विरोध में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की आईपीएल 2026 टीम से बाहर कर दिया गया था।



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मैचों को भारत से बाहर के स्थानों पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।बांग्लादेश की सुरक्षा चिंताओं को 'उचित और वैध' बताते हुए, पाकिस्तान ने 19 जनवरी को टी20 विश्व कप मैचों के लिए भारत न जाने के बीसीबी के फैसले का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया था। इस्लामाबाद स्थित जियो न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान टीम प्रबंधन को टूर्नामेंट में भाग न लेने की स्थिति में एक वैकल्पिक योजना तैयार करने के लिए कहा गया है। मीडिया आउटलेट ने बताया कि पाकिस्तान ने यह भी कहा है कि यदि बांग्लादेश का मुद्दा अनसुलझा रहता है तो वह टी20 विश्व कप में अपनी भागीदारी पर पुनर्विचार करेगा। इसके अलावा, पीसीबी ने श्रीलंका में स्टेडियम उपलब्ध न होने की स्थिति में बांग्लादेश के टी20 विश्व कप मैचों की मेजबानी करने की इच्छा भी व्यक्त की है। इस बीच, आईसीसी अपने मूल कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं करने पर अडिग है, जिसमें बांग्लादेश को इटली, न्यूजीलैंड, वेस्ट इंडीज और नेपाल के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। गौरतलब है कि आईसीसी और बीसीबी के बीच दो बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन टी20 विश्व कप शुरू होने में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है और यह मुद्दा अभी तक सुलझा नहीं है।

# सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर चल सकता है बीसीसीआई का चाबुक

**➔ विराट कोहली और रोहित शर्मा का डिमोशन पक्का!**

नई दिल्ली (एजेन्सी)।भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई से एक झटका लग सकता है। विराट और रोहित दोनों का डिमोशन सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में होने की संभावना है। इसके पीछे की वजह ये है कि बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से ए प्लस कैटेगरी को खत्म कर सकती है और सिर्फ ए, बी और सी कैटेगरी को जारी रख सकती है। अगर ऐसा होता है तो फिर विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा का भी डिमोशन होगा, जो पिछली बार ए प्लस कैटेगरी का हिस्सा थे। अक्टूबर 2025 से सितंबर 2026 तक के लिए रिटेनरशिप का ऐलान बीसीसीआई को करना है।एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई एक बदला हुआ सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम लाने वाला है, जिसके तहत ग्रेड A प्लस कैटेगरी बंद कर दी जाएगी।ँण्ण्द सूत्रों के मानें तो अगर बोर्ड ने नए मॉडल को मंजूरी दी तो फिर टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को ग्रेड ँ में रखे जाने की उम्मीद है। वे अभी तक ए प्लस कैटेगरी में थे। रविंद्र जडेजा का भी यही हाल होगा, लेकिन जसप्रीत बुमराह ए कैटेगरी में चले जाएंगे। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सिलेक्शन कमिटी ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट स्ट्रक्चर में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। कमिटी ने A प्लस कैटेगरी (7 करोड़ रुपये) को खत्म करने और सिर्फ तीन कैटेगरीः A, B, और C रखने की सलाह दी है। सिर्फ 3 कैटेगरी रहने पर सैलरी स्ट्रक्चर में भी बदलाव होगा। ए प्लस कैटेगरी के लिए पहले 7 करोड़ मिलते थे, ए के लिए 5, बी के लिए 3 और सी के लिए 1 करोड़ रुपये सालाना मिलते थे।



# कमलिनी की चोट से वैष्णवी शर्मा की खुली किस्मत

**, डब्लूपीएल में मुंबई इंडियंस का बन ही गईं हिस्सा**

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग के लिए हुई नीलामी में भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को कोई खरीदार नहीं मिला था। इससे वह काफी मायूस हुईं। श्रीलंका के खिलाफ 5 टी20 मैच की सीरीज के लिए उन्हें भारतीय महिला टीम में जगह मिली और वह सीरीज में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। उसके बाद उन्होंने डब्लूपीएल में किसी भी टीम की तरफ से उनके लिए बोली नहीं लगाने पर निराशा का इजहार किया। लेकिन अब कहानी में ट्विस्ट आ गया है। महिला प्रीमियर लीग के बीच ही वैष्णवी शर्मा मुंबई इंडियंस का हिस्सा बन गई हैं। उन्हें एमआई ने 30 लाख रुपये मे खरीदा है।वैष्णवी शर्मा के साथ कुछ-कुछ वैसा ही हुआ है जैसा महिला विश्व कप के दौरान शेफाली वर्मा के साथ हुआ था। वर्मा को विश्व कप के लिए भारतीय स्क्वाड तक में जगह नहीं मिली थी लेकिन सेमीफाइनल से पहले हरलीन देओल को चोट लगने से उन्हें सीधे भारतीय स्क्वाड में एंट्री मिली। वर्मा ने इस मौके को भुनाया और भारत को पहली बार महिला विश्व कप जिताने में शानदार भूमिका निभाई। क्या वैष्णवी शर्मा भी मुंबई इंडियंस के लिए लकी चार्म साबित होंगी, ये देखना दिलचस्प रहेगा।भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाकी मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया।सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए।



# टी20 विश्व कप 2026 से पहले क्रिकेट में बवाल, बांग्लादेश ने कहा- आईसीसी की शर्तें नामंजूर, भारत नहीं आएंगे

नई दिल्ली (एजेन्सी)।बांग्लादेश ने मंगलवार को आईसीसी द्वारा आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 में भारत में भाग लेने के संबंध में लगाई गई 'अनुचित शर्तों' को अस्वीकार कर दिया। यह जानकारी युवा एवं खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने दी। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से बाहर किए जाने के बाद, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्ट कर दिया कि मौजूदा परिस्थितियों में टीम भारत में नहीं खेलेगी।अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और बीसीबी अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे आगामी टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी अनिश्चित बनी हुई है। मंगलवार को सचिवालय में बोलते हुए आसिफ नजरुल ने कहा कि यदि आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में आकर हम पर अनुचित शर्तें लगाता है, तो हम उन्हें स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहले भी ऐसे उदाहरण मौजूद हैं, जब भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था, तब आईसीसी ने आयोजन स्थल बदल दिया था। हमने भी आयोजन स्थल बदलने का उचित अनुरोध किया है।इससे पहले, बीसीबी ने इस बात से इनकार किया था कि आईसीसी ने उन्हें 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेने के संबंध में 21 जनवरी की समय सीमा दी है। मीडिया समिति के अध्यक्ष अमजद हुसैन ने कहा था कि उनके लिए कोई विशिष्ट तिथि निर्धारित नहीं की गई है। आईसीसी सूत्रों के अनुसार, विश्व क्रिकेट शासी निकाय ने बीसीबी को आगामी आईसीसी विश्व कप के लिए बांग्लादेश क्रिकेट टीम को भारत भेजने या न भेजने के संबंध में बुधवार (21 जनवरी) तक अंतिम निर्णय देने का अल्टीमेटम दिया था। यदि बीसीबी अपनी टीम को भारत भेजने से इनकार करती है, तो आईसीसी संभवतः किसी अन्य टीम का नाम घोषित करेगी, और वर्तमान रैंकिंग के अनुसार, यह स्कॉटलैंड हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि टी20 विश्व कप 7 फरवरी से शुरू होगा। हालांकि, ढाका में मीडिया से बात करते हुए, अमजद ने डेली स्टार को बताया, 'पिछले शनिवार, 17 जनवरी को, आईसीसी के एक प्रतिनिधि आए और हमारे क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की। विश्व कप में भाग लेने के संबंध में, आयोजन स्थल को लेकर कुछ समस्या थी और हमने उन्हें वहां खेलने के प्रति अपनी अनिच्छा से अवगत कराया। हमने एक वैकल्पिक स्थल का अनुरोध किया और प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हमें बताया कि वे आईसीसी को इस मुद्दे के बारे में सूचित करेंगे और हमें बाद में निर्णय के बारे में बताएंगे।'



# टी20 सीरीज से वन-डे का हिसाब चुकाने उतरेगा भारत

नई दिल्ली (एजेन्सी)।पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से नागपुर में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे। भारत की नजर वनडे श्रृंखला में मिली हार का बदला चुकता करके अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होगी।सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी जिसके बाद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसकी जीत का प्रतिशत 72 प्रतिशत से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं है।पिछले दो वर्षों में भारतीय टी20 टीम स्वचालित मोड पर रही है, जिसमें उसे इक्का-दुक्का हार का ही सामना करना पड़ा। आईपीएल के कारण उसके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से जानते हैं।भारतीय टीम पर हालांकि विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और घरेलू धरती पर खेलने का दबाव होगा और सूर्यकुमार न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पहले इन बातों पर जरूर गौर कर रहे होंगे।न्यूजीलैंड की टीम काफी मजबूत है और उसने पिछले एक साल में कई उपलब्धियां हासिल की है जिसमें भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना और वनडे श्रृंखला जीतना भी शामिल है। भारतीय धरती पर पहली बार द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला जीतने से निश्चित तौर पर उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा।लेकिन जब टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की बात आती है तो सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत एक अलग ही टीम साबित हुई है, जिसने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी को जाता है।न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 13 में जीत हासिल की है।आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे, कप्तान मिचेल सैंटनर, तेज गेंदबाज जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम साबित हो सकती है।इसका यह भी मतलब है कि मौजूदा चैंपियन भारत को विश्व कप की तैयारी के लिए बेहतरीन समय मिलेगा। इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123 से अधिक रहा है।तिलक वर्मा को खेलने का अधिक समय देने के लिए उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में खुद को तीसरे नंबर के बजाय चौथे नंबर पर खिसका दिया। सूर्यकुमार अच्छी तरह से जानते हैं कि उनके खराब प्रदर्शन का ड्रेसिंग रूम में असर पड़ सकता है और उन्हें अब हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।किसी भी अन्य टीम में श्रेयस अय्यर जैसे काबिल खिलाड़ी को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में स्वतः ही जगह मिल जाती, क्योंकि उन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी को आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया है और एक बार जीत हासिल की है।भारतीय टीम में स्पिनरों के खिलाफ खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक अय्यर को तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि तिलक विश्व कप के लिए समय पर ठीक हो पाएंगे या नहीं, लेकिन नंबर चार पर अय्यर की मौजूदगी से सूर्यकुमार को अपने पसंदीदा नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने का मौका मिलेगा।अगर इस बात को ध्यान में रखा जाए कि तिलक बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं तो इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे इशान किशन भी दावेदारी पेश कर सकते हैं।टी20 श्रृंखला में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी होगी जीने जिन्हें वनडे श्रृंखला में विश्राम दिया गया था। पंड्या अपने कौशल से टी20 टीम में संतुलन लाते हैं और उनकी मौजूदगी का मतलब है कि टीम प्रबंधन एक अतिरिक्त विशेषज्ञ खिलाड़ी को खिलाने का जोखिम उठा सकता है।वरुण चक्रवर्ती टीम के तुरुप का इक्का होंगे, जिनके खिलाफ न्यूजीलैंड ने ज्यादा मैच नहीं खेले हैं। वरुण के सातवें से 15वें ओवर के बीच के चार ओवर अक्सर मैच का रुख पलट देते हैं और कुलदीप यादव की खराब फॉर्म को देखते हुए तमिलनाडु के इस खिलाड़ी को और भी बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत होगी।न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क टी20 श्रृंखला के लिए टीम में बने रहेंगे क्योंकि माइकल ब्रैसवेल और एडम मिल्ने दोनों ही हल्की चोटों से उबर रहे हैं। टीम इस प्रकार हैंः भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।न्यूजीलैंडः मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी, क्रिस्टियन क्लार्क। समयः मैच शाम सात बजे शुरू होगा।




# एसआईआर सुनवाई के लिए पेश हुए क्रिकेटर शमी, फॉर्म में अनियमितता पर चुनाव अधिकारियों ने किया था तलब

कोलकाता (एजेन्सी)।भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी मंगलवार को पश्चिम बंगाल में जारी (एसआईआर/विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के तहत चुनाव अधिकारियों के सामने पेश हुए। अधिकारियों के मुताबिक, उनके वोटर एन्यूमरेशन फॉर्म में कुछ अनियमितता पाई गई थीं, जिसके चलते उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया गया था।शमी दक्षिण कॉलकाता के बिक्रमगढ़ क्षेत्र स्थित एक स्कूल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे और सुनवाई में हिस्सा लिया। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके फॉर्म में कुछ कॉलम भरे नहीं गए थे या उनमें गलतियां पाई गईं, जिसके कारण यह प्रक्रिया आवश्यक बनी।सुनवाई पूरी होने के बाद, शमी ने कहा कि एसआईआर (चुनाव आयोग) हर किसी की जिम्मेदारी है और इस प्रक्रिया के दौरान सभी को सहयोग करना चाहिए। शमी ने पत्रकारों से कहा, 'कोई समस्या नहीं है। एसआईआर हर किसी का अधिकार है और हम सभी को इस प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं हो रहा है।' शमी ने कहा, 'मुझे कोई परेशानी नहीं हुई और उन्होंने (चुनाव अधिकारियों ने) इसे अच्छे से संभाला। मैं पिछले 25 वर्षों से यहीं रह रहा हूं। अगर वे मुझे दोबारा बुलाते हैं, तो मैं फिर आऊंगा।' वहीं, अधिकारी के मुताबिक, शमी सुनवाई प्रक्रिया के हिस्से के रूप में अपने पासपोर्ट के साथ उपस्थित हुए, जो लगभग 15 मिनट के भीतर पूरी हो गई। चुनाव आयोग ने न केवल मोहम्मद शमी बल्कि उनके भाई मोहम्मद कैफ को भी सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया है। दोनों कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 93 के मतदाता सूची में शामिल हैं, जो रशबेहारी विधानसभा क्षेत्र के तहत आता है। एक अधिकारी के मुताबिक, 'शमी पिछले निर्धारित दिन सुनवाई में शामिल नहीं हो पाए थे क्योंकि वह विजय हजारे ट्रॉफी में बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए राजकोट में थे। इसलिए उन्हें नई तारीख दी गई थी।



# टी20 सीरीज वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए शानदार मौका : फर्ग्यूसन

क्राइस्टचर्च (एजेन्सी)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने कहा कि भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी टीम को तैयारी के लिए उचित मंच प्रदान करेगी।भारत के खिलाफ हाल ही में 2-1 से वनडे श्रृंखला जीतने से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम नागपुर में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विश्व कप के सह-मेजबान भारत से भिड़ेगी।भारत में कीवी टीम के साथ जुड़ने वाले फर्ग्यूसन ने रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, 'यह सचमुच बहुत अच्छी तैयारी होगी। मैं जानता हूं कि यह वह मैदान नहीं होंगे जहां हम विश्व कप में खेलेंगे लेकिन वहां खेलने का अनुभव, उसका प्रभाव और मैदानों की स्थिति का आकलन विश्व कप से पहले शानदार तैयारी होगी।'उन्होंने कहा, 'भारत दुनिया की शीर्ष टीमों में से एक है और घरेलू परिस्थितियों में उसका कोई सानी नहीं है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी वनडे श्रृंखला की तरह ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

